दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 18 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 150 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म ओमाईगॉड 2 पर फिल्म सेंसर बोर्ड ने रोक लगा दी है। लगता है सेंसर बोर्ड की कुंभकर्णी नींद टूट गई है। यह सोशल मीडिया की ही ताकत है। हिन्दू धर्म और संस्कृति का मजाक उड़ाने वाले फिल्म कारों के खिलाफ सोशल मीडिया पर चलाई गई मुहिम का कुछ तो असर हुआ। बॉयकाट बालीवुड अभियान ने बॉलीवुड के भांडो की जिस तरह बैंड बजाई है और फिल्म सेंसर बोर्ड की सोशल मीडिया पर बखिया उधेड़ी गई है उससे यदि इन बुडबको की अक्ल ठीकाने आती है तो अच्छा है वरना इनका पुलंदा बंधना तय है।

//-- सुविचार --//

पैसे आज है कल नहीं
पैसे से कोई अमीर नहीं होता
अगर सेहत पूरी तरह से स्वस्थ है
तो इससे बड़ा कोई धन नहीं होता!

जनसंख्या

विश्व : 8,048,649,880

भारत : 1,429,219,271

बाजार

सेंसेक्स : 66,589.93

निफ्टी : 19,711. 45

गोल्ड : 55,930 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 82,800 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.65 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	28.6	24.4
बिलासपुर	31.0	25.4
जगदलपुर	25.0	22.6
अंबिकापुर	29.7	24.7

सीएम हाउस से लेकर बीजेपी आफिस तक सियासी 'हरेली'

कांग्रेस बोली सीएम भूपेश बघेल ने ऐसा करने मजबूर किया

रायपुर/नवप्रदेश। हरेली पर्व के हरियाली भरे माहौल में सियासी तल्खी दिख रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस हरेली त्योहार को लेकर आमने-सामने है। वजह है प्रदेश के भाजपा कार्यालय में हरेली त्योहार मनाया जाना। सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव गेड़ी पर चढ़े। कार्यालय में भाजपा की महिला नेताओं ने हरी साड़ी पहन कर डांस किया, गीत गाए और छत्तीसगढ़ पकवान भी परोसे।

बीजेपी प्रदेश की संस्कृति को भूले बैठी थी : कांग्रेस

प्रदेश भाजपा कार्यालय में हरेली मनाए जाने पर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा- हर्ष का विषय है कि जो लोग 15 साल तक छत्तीसगढ़ की संस्कृति को भूल बैठे थे, जिन्होंने 15 साल तक छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को तीज त्योहारों को मनाने से इनकार कर दिया था वह लोग भी अब छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार मानने को मजबूर हो गए हैं। बीजेपी कार्यालय में यदि ठेठरी-खुरमी जैसे पारंपरिक व्यंजन परोसे जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस 5 साल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को गेड़ी चढ़ने पर मजबूर कर दिया है। भाजपा की बहनें, कार्यालय में हरेली उत्सव मना रही हैं जो 15 साल में नहीं हुआ। यह भूपेश बघेल की बड़ी सफलता है।

ये सब आयोजन पहली बार प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुए हैं। लिहाजा कांग्रेस कहां पीछे रहने वाली थी। कांग्रेस ने भी कह दिया कि ये जो सब हो रहा है वो इस वजह से क्योंकि ष्टरू भूपेश बघेल ने भाजपा को ऐसा करने पर मजबूर कर दिया। पलटवार करते हुए अरुण साव ने भी कहा कि अगर कांग्रेस के लोग ऐसा सोचते हैं तो ये उनका अहंकार है। किसानों के दुख दर्द को हमने समझा : कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा का पलटवार साव बोले कांग्रेस का ऐसा सोचना अहंकार

प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भाजपा कार्यालय में गेड़ी चढ़ते हुए...

विपक्षी एकता की बैठक में 26 पार्टियां पहुंची

■ **आज एनडीए की बैठक, 38 दलों के शामिल होने की संभावना**

बेंगलुरु (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराने के लिए बेंगलुरु में विपक्षी दलों की दूसरी बैठक सोमवार से से शुरू हो रही है। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने बताया कि इसमें 26 पार्टियां शामिल होंगी। वेणुगोपाल ने कहा- मीटिंग मंगलवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। सोनिया और राहुल भी पहुंच गए हैं। सोनिया गांधी ने सोमवार शाम को विपक्षी दलों को डिनर पर बुलाया। सूत्रों के मुताबिक, विपक्ष की मीटिंग के एजेंडे में तीन मुख्य मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। पहला- लोकसभा चुनाव में विपक्ष की एकजुटता, दूसरा- सीट शेयरिंग और तीसरा- यूपीए का नया नाम। इसके अलावा, यूनिफ ॉर्म सिविल कोड, मणिपुर हिंसा, 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के साथ ही भाजपा की पार्टियों को तोड़ने की स्ट्रैटजी और उसके काउंटर प्लान पर भी चर्चा होगी। इस बैठक से तेलंगाना सीएम के चंद्रशेखर राव, आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी, आंध्र के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू और ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने दूरी बना रखी है। उधर, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 18 जुलाई को दिल्ली के अशोका होटल में एनडीए की मीटिंग बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। नड्डा ने सोमवार शाम को मीडिया से बातचीत में दावा किया कि 18 जुलाई को होने वाली एनडीए की मीटिंग में 38 पार्टियों के नेता शामिल हो रहे हैं। पहले 30 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हमारी बैठक के बाद पीएम को ख्याल आया

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- कुछ नेता आज नहीं आ रहे हैं कल आएंगे और यह बैठक कल सुबह होने वाली है। 11 बजे बैठक शुरू होगी और शाम 4 बजे सभी पार्टियों के नेता देश को संबोधित करेंगे, लेकिन हमारी पटना बैठक के बाद अचानक प्रधानमंत्री को एनडीए का ख्याल आया। एनडीए में एक नई जान फूंकने की कोशिश की जा रही है।

सवाल पर भड़के वेणुगोपाल

मीटिंग से पहले कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, विवेक तन्खा और डीके शिवकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वेणुगोपाल यूनिफॉर्म सिविल कोड और विपक्षी दलों के नेता के सवाल पर पत्रकारों से नाराज हो गए। उन्होंने कहा- मणिपुर में 75 दिनों से हिंसा जारी है। प्रधानमंत्री इस पर चुप हैं। सरकार चाहती है कि विपक्ष भी चुप रहे। राहुल गांधी की संसद सदस्यता अयोग्य ठहराया जाना जैसे बड़े मुद्दे हैं। देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। इस पर तो आप लोग सवाल नहीं उठाते।

विपक्षी बैठक 'खानदानी खुरचन' साबित होगी : नकवी

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि 'चौबीस के चुनावी चुल्हे पर ख्याली खिचड़ी, खानदानी खुरचन' साबित होगी। नकवी ने सोमवार को यहां पत्रकारों द्वारा विपक्षी दलों की बैठक पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, सपना एक, मुंगेरी अनेक के अंतर्विरोध के अखाड़े में एकता का नगाड़ा टांय-टांय फिस्स होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला 'जांचा परखा खरा गठबंधन' है, दूसरी तरफ 'कांग्रेस की बेवफाई का बन्धन' है। कांग्रेस की सोच है,'परिवार को पावर, नहीं तो दूसरे के लिए खड़ा करो परेशानी का टावर।' भाजपा नेता ने कहा कि जो क्षेत्रीय राजनीतिक दल आज कांग्रेस का हाथ थामने की कोशिश में लगे हैं उन्हें याद रखना चाहिए कि कांग्रेस हमेशा से ही क्षेत्रीय दलों को 'राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा' बताती रही है जबकि भाजपा क्षेत्रीय दलों को 'क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों की ताकत' मानती है।

लड़ाई-झगड़े से ऊपर उठिए, एलजी और सीएम बात करें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल सरकार की दो याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। पहली याचिका दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति को लेकर थी। दूसरा मामला दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ था। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा- दिल्ली सरकार और उप-राज्यपाल वीके सक्सेना मिलकर डीईआरसी के चेयरमैन का नाम तय करें। कोर्ट ने कहा- एलजी और मुख्यमंत्री दोनों ही संवैधानिक पदों पर हैं। इन लोगों को लड़ाई-झगड़े से ऊपर उठना चाहिए। दोनों साथ बैठें और डीईआरसी का नाम तय कर हमें बताएं। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ सुनवाई की। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा- हम यह मामला पांच जजों के संविधान पीठ को भेजना चाहते हैं। फिर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज से 13 मंत्री 550 प्रश्नों का करेंगे सदन में सामना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की पांचवी विधानसभा का अंतिम सत्र आज 18 जुलाई से शुरू हो रहा है। पहले दिन भाजपा विधायक विद्या रतन भसीन को श्रध्दांजलि के बाद सदन बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी जाएगी। बुधवार 18 से 21 जुलाई तक सत्र चलेगा। विपक्ष और सत्ता पक्ष के कुछ विधायक सत्र के दौरान 13 मंत्री 550 प्रश्नों का जवाब मांगेंगे। सरकार की तरफ से तीन विधेयक की सूचना दी गई है, इतने ही और आ सकते हैं। इस दौरान सरकार जहां तीन हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाएगी। वहीं उसे अंतिम दिन विपक्ष के अविश्वास का सामना करना पड़ेगा। तीन दिन सदन में हंगामे के बीच कार्रवाई चलेगी। इस सत्र में महालेखाकार की रिपोर्ट पेश होने पर हंगामा होना तय माना जा रहा है। **विपक्ष की ओर से आज सरकार के खिलाफ:** अविश्वास प्रस्ताव की सूचना दी जाएगी। इस पर चर्चा 21 जुलाई को आधी रात तक चलने के संकेत हैं। इस विधानसभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन संशोधन विधेयक होंगे पेश

सरकार की तरफ से 2022-23 के लिए महालेखाकार की रिपोर्ट पेश किए जाने की सूचना है। विधेयकों में निजी विश्वविद्यालय स्थापना, भारतीय स्टाम्प अधिनियम संशोधन विधेयक, छत्तीसगढ़ मंडी शुल्क संशोधन और विधानसभा सदस्यता निर्रहरता संशोधन विधेयक शामिल हैं। इसमें लाभ के दो पद संबंधी एक संशोधन कि प्रस्ताव है जिसमें राज्य योजना मंडल की जगह आयोग प्रतिस्थापित किया जाना है।

यूपी एटीएस की हिरासत में सीमा पार से आयीं सीमा हैदर

जेवर (एजेंसी)। यूपी एटीएस की टीम ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा गांव से सीमा हैदर को अपने साथ ले गई है। उसे हिरासत में लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी की भी संभावना जताई जा रही है। सीमा के साथ उसके चारों बच्चों और सचिन को भी एटीएस ने हिरासत में लिया है। सीमा के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से कनेक्शन के शक में जांच चल रही है। एटीएस, आईबी और नोएडा पुलिस समेत कई एजेंसियां इस एंगल पर जांच कर रही है। सीमा हैदर के फोन कॉल डिटेल की भी जांच की जा रही है। सीमा को जैसे ही एटीएस अपने साथ ले गई, सचिन के घरवालों ने अपने घर के दरवाजे बंद कर लिए हैं।

सेंसेक्स फिर नए शिखर पर निवेशकों ने कमाए 5.1 लाख करोड़

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणाम मजबूत रहने से एसबीआई, विप्रो, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स एक बार फिर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बीएसई लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 298.5 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 303.6 लाख करोड़ रुपए हो गया। इससे निवेशकों की आज 5.1 लाख करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हुई है। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 529.03 अंक की उड़ान भरकर 66,589.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 146.95 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अरपा नदी में डूबने से 3 बहनों की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में अरपा नदी में नहाते समय तीन बहनों की डूबने से मौत हो गई। तीनों बहन सुबह नहाने गई थीं। इसी दौरान अवैध उत्खनन से बनी खाई में डूबने से ये हादसा हुआ है। इस घटना के बाद गुस्साए लोगों ने बिलासपुर-कोरबा नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर दिया है। घटना कोनी थाना क्षेत्र की है। सेंदरी की रहने वाली पूजा पटेल (18) अपनी छोटी बहन रितू पटेल (14) व चचेरी बहन धनेश्वरी पटेल (11) सोमवार की सुबह घर से अरपा नदी नहाने जाने के लिए निकली थीं। तीनों बहनें सेंदरी रेत घाट के पास नहा रही थीं। तभी अचानक धनेश्वरी गहरे पानी में चली गई। जिसे बचाने के चक्कर में रितु और पूजा भी गहराई में समा गई। इस हादसे की जानकारी आसपास के लोगों को हुई, तब उन्होंने बच्चियों की तलाश शुरू की। लेकिन, उनका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस के साथ ही एनडीआरएफ की टीम को दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने तीनों बच्चियों के शव को बरामद कर लिया। इस हादसे की खबर मिलते ही गांव के लोगों की भीड़ नदी के पास पहुंच गई। दरअसल, नदी में अवैध रेत उत्खनन के चलते जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और खाई है। बारिश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईवीएम के साथ वीवीपीएटी लगाने की मांग, केंद्र व चुनाव आयोग को नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। सभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) लगाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट विचार करने को तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि गणना के दौरान ईवीएम में कई जगहों पर शिकायतें आ रही हैं। इसलिए सभी ईवीएम के साथ वीवीपीएटी लगाई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर अब तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। याचिका में आगामी राज्य चुनावों में सभी ईवीएम में वीवीपीएटी की पर्ची के 100 फीसदी मिलान की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा याचिकाकर्ता को याचिका की कॉपी चुनाव आयोग के वकील को देने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर चुनाव आयोग का जवाब भी आने दें। यह याचिका गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दायर की गई थी।

गरमा-गरम

आर्मी कैंपों की रैकी, 3 जासूसों को उम्रकैद

अहमदाबाद (एजेंसी)। अहमदाबाद की सेशन कोर्ट ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने सिराजुद्दीन अली फकीर, मोहम्मद अयूब और नौशाद अली को 2012 में अरेस्ट किया था। तब सिराजुद्दीन की उम्र 24, जबकि अयूब और नौशाद की 23-23 साल की थी। तीनों पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) तक इंडियन आर्मी की सीक्रेट इन्फॉर्मेशन पहुंचाते थे। तीनों आरोपियों में से दो आरोपी अहमदाबाद के जमालपुर और नौशाद अली राजस्थान के जोधपुर का रहने वाला है। एडिशन सेशन जज अंबालाल पटेल की अदालत ने मौत की सजा के लिए सरकारी वकील की अपील को खारिज कर दिया और कहा कि तीनों का अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर कैटेगिरी में नहीं आता है। अदालत ने कहा कि तीनों भारत में रहते थे, लेकिन उनका प्रेम और देशभक्ति पाकिस्तान के लिए थी। अदालत ने तीनों को आईपीसी की धारा 121, 121 (ए) और 120 (बी) और आईटी अधिनियम की धारा 66 (एफ) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 के तहत 14 साल का कठोर कारावास और आईपीसी की धारा 123 के तहत 10 साल जेल की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एकसाथ चलेंगी।

बंगाल हिंसा की जांच के लिए सरोज समेत 4 सांसदों को जिम्मा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में हुए हिंसात्मक घटनाओं की जांच के लिए सांसदों का दल तैयार किया है। इसमें छत्तीसगढ़ के राज्यसभा सांसद सरोज पांडे को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। यह समिति पश्चिम बंगाल के हिंसा ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेगी और खासतौर पर महिलाओं से बातचीत करेगी। महिला संबंधी हिंसा की पड़ताल करेगी। इसके बाद जल्द से जल्द यह समिति अपनी रिपोर्ट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी। जांच दल गठित किए जाने का आदेश सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने जारी किया। इस दल में देश के अलग-अलग हिस्सों की 5 सांसद भी शामिल हैं, जिनमें सांसद रमा देवी, अपराजिता सारंगी, कविता पाटीदार और संध्या राय को इस दल में शामिल किया गया है।

पवार से 24 घंटे में दूसरी बार मिले अजित

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार सोमवार को लगातार दूसरे दिन शरद पवार से मिलने मुंबई के एनसीपी ऑफिस वाईबी चव्हाण सेंटर पहुंचे। उनके साथ उनके गुट के एनसीपी विधायक भी थे। मुलाकात के बाद प्रफुल्ल पटेल ने कहा- कल मानसून सत्र शुरू होने से पहले हमने उनसे आशीर्वाद लिया था। आज सत्र शुरू होने पर हमने दोबारा पवार साहब का आशीर्वाद लिया। पटेल ने कहा- मीटिंग में हमने पवार सहब से निवेदन किया कि वे पार्टी को एकजुट रखें। उन्होंने हमे सुना, पर कोई जवाब नहीं दिया। 16 जुलाई को भी अजित पवार विधायकों के साथ शरद पवार से मिले थे। तब प्रफुल्ल पटेल ने कहा था कि हमने पैर पकड़कर शरद पवार जी का आशीर्वाद लिया। हमने उनसे एनसीपी में एकजुटता और मजबूती को लेकर अपनी बातें रखीं। उन्होंने तब भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। पटेल ने कहा- हमें जानकारी मिली थी कि शरद पवार साहब यहां मौजूद हैं, तो हम बिना उन्हें सूचित किए यहां आ गए। वहीं शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

पाक में फिर हिन्दुओं पर अत्याचार

पाकिस्तान में पहले ही हिन्दू अल्संख्यक असुरक्षित है जिन पर बंटवारे के बाद से लगातार अत्याचार किए जा रहे हैं। नतीजतन अब पाकिस्तान में हिन्दुओं की संख्या दो प्रतिशत से भी कम हो गई है। इन बचे कुचे हिन्दुओं के खिलाफ भी पाकिस्तान में लगातार हमले किए जाते रहे हैं। इस कड़ी में सीमा हैदर की भारत में अवैधानिक रूप से घुसपैठ करने के बाद अब तो वहां हिन्दुओं पर और भी कहर ढाया जा रहा है। पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग के हवाले से खबर आई है कि सीमा हैदर को वापस पाकिस्तान भेजने की मांग को लेकर इस डकैत गिरोह ने पाकिस्तान के हिन्दुओं पर निशाना साधने की धमकी दी थी अब वे इस धमकी पर अमल कर रहे हैं। पाकिस्तान के सींध क्षेत्र से 30 हिन्दुओं को डकैतो ने बंधक बना लिया है। वहां हिन्दुओं के घरों पर हमले किए जा रहे हैं। यही नहीं बल्कि डेढ़ सौ साल पुराने पंचमुखी हनुमान मंदिर को भी तोड़ दिया गया है। सीमा हैदर मामले को लेकर पाकिस्तान में लगातार भारत के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। किसकी वजह से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने आशंका पैदा हो गई है। भारत को पाकिस्तान में हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार को लेकर पाकिस्तान को दो टूक शब्दों में चेतावनी देनी चाहिए कि वह अपने नापाक इरादों से तौबा करें वरना इसका खामियाजा भूगतने के लिए तैयार रहें। जहां तक सीमा हैदर का ममाल है तो वह खुद भारत आई है। इसके बावजूद यदि पाकिस्तान के लोग इसमें भारत का कोई षंडयंत्र देख रहे है तो वे चोरी और उपर से सीना जोरी वाली कहावत को ही चरितार्थ कर रहे हैं। सीमा हैदर के मामले में भारत में कारवाई की जा रही है। अब उत्तर प्रदेश एटीएस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। लेकिन सीमा हैदर भूमिगत हो गई है। दो दिनों तक पहले वह विभिन्न खबरियां चैनलों पर इंटरव्यू दे रही थी लेकिन अब अचानक गायब हो गई है। उसकी गतिविधियां पहले ही संदिग्ध है। इसलिए उसके खिलाफ भारत में जांच पड़ताल की जा रही है। इसके बाद सरकार उसे खुद ही पाकिस्तान रवाना कर देगी। इस बीच पाकिस्तान की सरकार को चाहिए कि वो सीमा हैदर मामले को लेकर व्यर्थ का बवाल खड़ा ना करें और पाकिस्तान में रह रहे हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अन्यथा भारत उसके खिलाफ अंर्राष्ट्रीय मंचों पर यह मामला उठाएगा और पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया जाएगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान की कुख्यात आईएसआई पहले भी भारत में हनी ट्रैफ करवाती रही है। ऐसी भी आशंका जताई जा रही है कि सीमा हैदर को भी हनी ट्रैफ के लिए ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इस एंगल से भी भारतीय खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। बहुत संभव है कि सीमा हैदर को भारत में किसी मिशन के तहत ही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने भेजा हो और अब इस मामले को लेकर वह भारत के खिलाफ ही मुहिम चलाने लगा है। जांच के बाद सही तथ्यों का खुलासा हो जाएगा। तब तक भारत सरकार को चाहिए कि वह पाकिस्तान की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और वक्त आने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही के लिए भी तैयार रहें।

लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में दक्षता : नए भारत की विकास गाथा

सुमिता डावरा
आईएएस, विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) भारत सरकार; तथा एनआईसीडीसी की सीईओ एवं एमडी

दूसरी ओर, संबंधित एजेंसियों द्वारा कठिनाई पैदा करने वाले बिंदुओं और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने हेतु नियमित विश्लेषणों का उपयोग किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों के एलडीबी के आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कंटेनरों की निकासी मामले में आईसीडी और सीएफएस के प्रदर्शन में सुधार के अलावा कंटेनर को संभालने से जुड़े प्रदर्शन, सड़क मार्ग से गुजरने वाले कंटेनरों की निकासी, प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति के मामले में भी सुधार हुआ है। दिल्ली-मुंबई मार्ग और मुंद्रा बंदरगाह को जोड़ने वाले मार्ग जैसे प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति भी 2018 की तुलना में बेहतर हुई है। आज, एलडीबी ने दक्षता के साथ सीमा पार व्यापार को सुनिश्चित करने हेतु न केवल नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं तक अपनी सेवाओं का विस्तार किया है, बल्कि वह भारत के एक्जिम कंटेनरों की आवागमन के दौरान ठहराव वाले पहले अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह तक निगरानी रखने के लिए समुद्री ट्रैकिंग प्रणाली का भी उपयोग करता है। इसके अलावा, हमारे एफटीए को समान अंतरराष्ट्रीय प्रणालियों के साथ एकीकृत करके लाभ उठाने की संभावना तलाशना हमारे आगे के कदमों का हिस्सा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्यात कंटेनर पूरी दक्षता के साथ अंतिम गंतव्य तक पहुंचें और इससे हमारे व्यापार को बढ़ावा मिले। यह तेज गति से चलने वाले लेन में एक लंबी यात्रा की शुरुआत मात्र है। लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम में सुधार हेतु भारत द्वारा नवीन डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग हमारी गति में और तेजी लाएगा तथा सोने पर सुहागा की स्थिति बनाते हुए अगले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर हमारी लॉजिस्टिक्स रैंकिंग को भी बेहतर करेगा। यह गति निश्चित रूप से 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने में मदद करेगी।

भारत आज विकास की ऊंची उड़ान भरने को तैयार है। वैश्विक स्तर पर सभी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत की लॉजिस्टिक्स संबंधी रेटिंग बेहतर होते जाने के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स से जुड़ी इसकी बाधाएं दूर होती जा रही हैं। मैन्यूफैक्चरिंग और व्यापार के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति बुनियादी ढांचे और निर्यात - आयात (एक्जिम) संबंधी लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने से संबंधित सुधारों के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। बुनियादी ढांचे को अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में पहचानते हुए, प्रधानमंत्री की गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसे सुधारों ने सामानों एवं यात्रियों की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक्स से जुड़े बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स संबंधी सेवाओं में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया है। और बहुत ही कम समय में, इन सुधारों के परिणाम दिखाई देने लगे हैं।

विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) से संबंधित 2023 की अपनी रिपोर्ट में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उन्नत दक्षता की दिशा में भारत द्वारा की गई प्रगति को स्वीकार किया है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 139 देशों के एलपीआई के बारे में जानकारी साझा करती है और भारत को इस सूचकांक में 38वें स्थान पर रखती है, जोकि 2018 में हमारी रैंक की तुलना में छह स्थान ऊपर है। एलपीआई छह व्यापक मापदंडों पर आधारित 'गुणात्मक धारणाओं का एक सर्वेक्षण-आधारित परिमाणीकरण' है, जो सीमा शुल्क, बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय लदान (शिपमेंट), लॉजिस्टिक्स संबंधी क्षमता एवं लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता, निगरानी एवं जानकारी जैसे पहलुओं पर विचार करता है। विश्व बैंक एक ऐसी उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदाहरण देता है, जिसने 2015 से देश के पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों तटों पर स्थित बंदरगाहों को सुदूर इलाकों में स्थित आर्थिक केन्द्रों से जोड़ते हुए बुनियादी ढांचे एवं विभिन्न प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है। अन्य कारकों के अलावा, इस तरह के निवेश के कारण ही बंदरगाहों पर कंटेनरों के ठहराव के समय के मामले में भारत का प्रदर्शन कई विकसित देशों की तुलना में कहीं बेहतर है। मई से लेकर अक्टूबर 2022 के बीच, भारत में कंटेनरों के ठहराव का समय न्यूनतम 3 दिन था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात एवं

दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह समय 4 दिन, अमेरिका के मामले में 7 दिन और जर्मनी के मामले में 10 दिन था।

विश्व बैंक की यह रिपोर्ट भारत को एक ऐसे देश के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसने नेशनल लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीबीएसएल) जैसे डिजिटलीकृत प्लेटफॉर्म के उपयोग के जरिए आपूर्ति श्रृंखला में दृश्यता ला दी है। यह रिपोर्ट बताती है कि लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (एलडीबी) कैसे आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग के उपयोग के जरिए भारत में एक्जिम कंटेनरों की आवाजाही की निगरानी करता है और उसके बारे में सटीक जानकारी रखता है, जिससे माल पाने वाले (कान्साइनी) के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखला की 'एक छोर से दूसरे छोर तक निगरानी' (एंड-टू-एंड ट्रैकिंग) करना संभव हो जाता है। शुरु में, माल की स्थिति का पता लगाने वाले (कार्गो ट्रेसिंग) इस प्रकार के तंत्र का शुभारंभ 2016 में देश के पश्चिमी तट पर किया गया था और आज इस तंत्र के दायरे में सभी प्रमुख बंदरगाह और निजी बंदरगाह आते हैं। भारतीय बंदरगाहों पर कंटेनरों के बेहतर ठहराव समय के लिए इसे श्रेय दिया जाता है। विश्व बैंक की रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए अगर कहें तो ÷माल की निगरानी (कार्गो ट्रैकिंग) व्यवस्था की शुरुआत के साथ, देश के पूर्वी तट पर स्थित विशाखापत्तनम बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव का समय 2015 में 32.4 दिन से घटकर 2019 में 5.3 दिन रह गया।

देश के उज्जवल भविष्य के निर्माण में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, भारत सरकार ने आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निगरानी रखने हेतु एक डिजिटल प्रणाली के रूप में लॉजिस्टिक्स डेटाबैंक प्रोजेक्ट (एलडीबी) का शुभारंभ किया था। एनएलडीबीएसएल को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) और निप्पॉन इलेक्ट्रिक कंपनी (एनईसी) लिमिटेड नाम की जापानी कंपनी के बीच एक एसपीवी (विशेष प्रयोजन वाहन) के रूप में संचालित किया जाता है। एलडीबी, एक्जिम कंटेनर की आवाजाही के बारे में वास्तविक समय में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु आपूर्ति श्रृंखला में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध डिजिटल जानकारी को एकत्रित व व्यवस्थित करता है। यह प्लेटफॉर्म भारत के एक्जिम कंटेनर की शत-प्रतिशत मात्रा को संभालता है। इस पर एक मोबाइल ऐप के साथ-साथ एक पोर्टल के जरिए माल पाने वालों (कान्साइनी) के लिए जानकारी पाने की सुविधा उपलब्ध है। इस तरह, एलडीबी दृश्यता प्रदान करता है और भारत के कंटेनरीकृत एक्जिम लॉजिस्टिक्स से संबंधित बिग डेटा एनालिटिक्स को सक्षम बनाता है।

जुलाई 2016 में अपना कामकाज शुरू करने बाद से, एलडीबी ने 60 मिलियन एक्जिम कंटेनरों की निगरानी की है। भारत के शत-प्रतिशत कंटेनरीकृत एक्जिम कार्गो की निगरानी करने और उनका पता लगाने हेतु आरएफआईडी, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और बिग डेटा एनालिटिक्स से संबंधित प्रौद्योगिकियों के संयोजन के साथ, एलडीबी ने प्रमुख भारतीय बंदरगाहों, सबसे व्यस्त टोल प्लाजा, लगभग 400 कंटेनर फ्रेट स्टेशनों (सीएफएस)/अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) और बंदरगाहों पर खाली यार्ड, विशेष आर्थिक क्षेत्रों और यहां तक कि नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं पर स्थित एकीकृत चेक पोस्ट के साथ भी तालमेल बिठाया है। आरएफआईडी से संबंधित आंकड़ों को हासिल करने के उद्देश्य से एसपीवी द्वारा माल ढुलाई के लिए सर्पित गलियारों (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) सहित सभी प्रमुख सड़क एवं रेल मार्गों पर लगभग 3000 आरएफआईडी रीडर स्थापित किए गए हैं।

एलडीबी द्वारा हासिल एवं व्यवस्थित किए गए आंकड़ों का विभिन्न प्रकार से विश्लेषण किया जाता है। इन विश्लेषणों में बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव के समय की गणना, माल की आवाजाही के क्रम में होने वाले भीड़भाड़ का विश्लेषण, कंटेनर की आवाजाही की गति का विश्लेषण, प्रदर्शन संबंधी मानदंड, आवागमन में लगने वाले समय का विश्लेषण (बंदरगाह से सीएफएस या इसके उलट) आदि शामिल है। ये विश्लेषण मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक आधार पर किए जाते हैं और सभी संबंधित मंत्रालयों, बंदरगाह के प्राधिकारियों, टर्मिनल के संचालकों, सीमा शुल्क से जुड़ी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ साझा किए जाते हैं।

सुझाव

सरकारी स्कूलों में नि:शुल्क शिक्षा के लिए आगे आएं

राजेन्द्र कानुनगो

प्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान 2023 की शुरुआत 17 जुलाई से होगी। स्कूल चलें हम अभियान के तहत सरकारी स्कूलों से आम लोगों को वालंटियर के रूप में जोड़ने के लिए कैंपेन शुरु किया जाएगा। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में टीचर्स की कमी किसी से छिपी नहीं है। प्रदेश के कई सरकारी स्कूल एक-एक टीचर के भरोसे चल रहे हैं। सूबे के सरकारी स्कूलों में बच्चों को निशुल्क पढ़ाने के लिए करीब 1 लाख 27 हजार लोगों ने वालंटियर्स के रूप में अपना पंजीयन कराया है। यह लोग बच्चों को स्कूल में जाकर अपना पसंदीदा सब्जेक्ट पढ़ाएंगे। स्कूल चलें हम अभियान सोमवार से शुरू होने जा रहा है। अभियान के एक दिन पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बच्चों और आम लोगों को संबोधित किया। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ÷स्कूल चलें अभियान से कलाकार, खिलाड़ी, उद्योगपति, सरकारी कर्मचारी-अधिकारी, जनप्रतिनिधि जुड़ें और अपना सामाजिक दायित्व निभाएं। इसके लिए सोमवार से तीन दिन का भविष्य से भेंट कार्यक्रम भी शुरू होने जा रहा है। हमारे समाज के लोगों को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराते हुए सामाजिक अभियानों से जोड़ा जाना चाहिए यह बहुत ही अच्छा कदम है साक्षी नागरिकों को भी एहसास होगा कि हम समाज से जो कुछ प्राप्त कर रहे हैं वह समाज को लौटाना हमारी जिम्मेदारी है। हाल ही में स्कूल चलो अभियान की जो शुरुआत हो रही है, उसमें क्या बात सामने आई है कि आम नागरिकों को बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, और उन्हें रजिस्टर किया जा रहा है कि वह अपनी पसंद का कोई सब्जेक्ट बच्चों को पढ़ाएं । जैसा कि ऊपर कहा गया है यह सर्वविदित है कि प्रदेश में स्कूलों में टीचर्स की बहुत कमी है । ऐसी स्थिति में जो बच्चे हैं, उनकी पढ़ाई की व्यवस्था कैसे हो ? इस पर सरकार का ध्यान केंद्रित होना चाहिए। समाज को जोड़कर यह समस्या कभी हल नहीं हो सकती ना यह समाप्त हो सकती है। सरकार को वैसे व्यर्थ में लुटाने के लिए अनेक योजनाओं के जरिए फंड की कमी नहीं है, ऐसी 1- 2 नहीं अनेक योजनाएं हैं, जिनमें मुफ्त में लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। चाहे वह आर्थिक हो, चाहे और किसी दृष्टि का हो । ऐसी स्थिति में देश की जो भविष्य की पीढ़ी है, उसके निर्माण के लिए सरकार के पास पैसा क्यों नहीं है ? टीचर्स की भर्ती नहीं हो पा रही है। भर्ती की प्रक्रिया इतनी कठिन होती जा रही है कि आम युवक उसमें भाग लेकर अपने आप को योग्य साबित करने में कठिनाई महसूस कर रहा है। इसके अलावा भर्ती की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का बोलबाला बहुत ज्यादा है। यहां यह कहना कदापि अनुचित नहीं होगा कि हाल ही की पटवारी की परीक्षा में किस प्रकार गड़बड़ियां हुई है, जिसमें मुख्यमंत्री को स्वयं हस्तक्षेप करना पड़ा है और नियुक्तियां रोकनी पड़ी है ।यदि राज्य स्तर पर नहीं बल्कि संभागीय स्तर पर योग्यताओं के मूल्यांकन के आधार पर आवेदक के प्राप्त अंको के प्रतिशत के आधार पर यदि टीचर्स की भर्ती की जाएगी, तो यह समस्या हल हो सकती है । यह भी किया जा सकता है कि उन्हें 2 से 5 वर्ष के बीच का एढाक अपॉइंटमेंट दे दिया जाए, और यदि वह अपनी योग्यता साबित कर सकें, तो उन्हें रेगुलर किया जा सकता है। हां, यह कहीं सभी उचित प्रतीत नहीं हो रहा है कि शिक्षकों की कमी का रोना रोकर, देश के आने वाली पीढ़ी को शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार से वंचित किया जाए। सरकार को चाहिए कि मुफ्त बांटने की योजनाओं को समाप्त कर, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि आवश्यक मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करें।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

फिजा में है मेरी घुलती उदासी मेरी

फ़िज़ा में है मेरी घुलती उदासी मेरी शामो में है पसरी उदासी।। मेरी आंखों में भी गर्दिश जमी है मेरे ख्वाबो में भी बिखरी उदासी।। मेरी खुशियां गई है साथ तेरे मेरे हिस्से फ़क़त ठहरी उदासी।। **गोविन्द शर्मा**

खिजाओं की बहारों की कहानी

खिजाओं की बहारों को कहानी सुनाता हूँ हज़ारों को कहानी तेरी आँखें सुनाती आ रही हैं हसीं रंगीं नज़ारों को कहानी अकेला जब भी होता हूँ मैं घर में सुनाता हूँ दिवारों को कहानी पसन्द आने लगी है धीरे-धीरे नदी की रेगज़ारों को कहानी सुनाते हैं ग़ज़ल की शक्ल देकर ये जुगनू चाँद तारों को कहानी।

राहुल कुम्भकार

खास पाती | आज हमें भी गुनगुनाने का मन

आज हमें भी गुनगुनाने का मन करता है,कुछ पल यूँ ही बिताने का मन करता है। तुम साथ दो गर,अनुराग छलकने लगेगा,आज सुर-ताल मिलाने का मन करता है। जीवन के झंझावतों से निकल आएं प्रिये, कुछ हंसने और हंसाने का मन करता है। चलो नीले गगन तले कुछ पल भ्रमण करें, आसमानी रंग में रंग जाने का मन करता है। हरित चूनर ओढी वसुंधरा को देखो जरा, झूम-झूम पवन संग गाने का मन करता है। सुख-दु:ख तो यूँ ही आता-जाता है 'पूनम' भूलकर दर्द खिलखिलाने का मन करता है। **पूनम झा प्रथमा**

मैं एक अंजान रास्ते पर चल

मैं एक अंजान रास्ते पर चल पड़ा था, मैं था मेरा एक साथ था, रौशनी थी, खुशनुमा सा हर पल था, रास्ता चला वक्त चला, रौशनी देता सूरज जब कहीं किसी ओट में छिप जाता, अंधकार सा छा जाता, तो मेरी कैफ़ियत बढ़ जाती मेरा साथ अँधेरे में कही खो जाता, मेरा मन एक मरीचिका में जी रहा था, तन्हा रास्तों पर तन्हाई को दूर करती, रौशनी और छाया के खेल में बनते-बिगड़ते, अपनी ही परछाई ,अपने ही बिम्ब को, अपने साथी के रूप में देख रहा था, मैं तो तन्हा रास्तों पर तन्हा ही था। **नमन कुमार मिश्रा**

दूसरों की मदद करना एक नेकी

दूसरों की मदद करना एक नेकी है, जो धर्म की स्थापना मे भी मदद करता है। यदि आप पैसे वाले हैं और गरीबों की मदद करते हैं तो निश्चिय ही गरीबों के लिए आप एक भगवान हैं और आपकी मदद से उन्हें लगता है कि जो इंसान सच के साथ होता है, भगवान उसकी अवश्य ही मदद करते हैं। तो हमेशा करते रहें एक छोटी सी पहल क्योंकि आपकी थोड़ी सी मदद हर पल किसी न किसी का जीवन संवार सकती है। **संतोष कुमार मिश्रा**

तिरी मुस्कान पर मर मिटी

तिरी मुस्कान पर मर मिटी जब, मेरा दिल तबसे गुमशुदा है! पलकें खुलती हैं बन्द होती है चाँद खिड़की से लापता है! चाँदनी फिर से खोयी खोयी है, रात फिर आज गमज़दा है! बांधा मीरा ने कब बंधनों में, कृष्ण जो आज तक बंधा है! नाम राधे का पहले आता है, इश्क़ का ये कैसा माज़रा है। **डॉ किरण मिश्रा**

बढ़ गए कवि आजकल दरबारी

बढ़ गए कवि आजकल दरबारी चटुकार कविताओं मे गूंज है जय जय हो सरकार धर्म मर्म की बात पर बाटत फिरे समाज देश भक्त ये छद्म हैं तनिक न आवे लाज हृदय भाव दूषित लिए खड़े साहित्यकार रचना भी हैरान है देख गले मे हार। **सुनील प्रसाद शाहाबादी**

छूटते हुए रिश्ते मैं भी वो ही तू भी

छूटते हुए रिश्ते मैं भी वो ही तू भी वो ही दिलों में प्यार का बस इक खूयाल सा है। जिनसे मिल कर लगा ज़िंदगी खुश-हाल रही ग़म पुराने लिए कियूँ वो बस निढाल सा हैं– मैं भी वो ही, तू भी वो ही दिलों में प्यार का बस इक खूयाल सा है। फूल पत्तों पे कभी लिखे नाम जो बहारों के थे कभी अंजाम वो दिल को तसल्ली देते बने अब ढाल से हैं –मैं भी वो ही, तू भी वो ही दिलों में प्यार का बस इक खूयाल सा है। मैं हूँ तेरा तू ही मेरा इसका यकीं अब कौन करे तेरे साथी तेरे, मैं अकेला ही सही खूयालों में बसा अब तेरा एहसास सा है मैं भी वो ही, तू भी वो ही दिलों में प्यार का बस एक खूयाल सा है।

सुलोचना खुराना

आज का इतिहास

नई/वार्ता। 1630: स्पेन के सैनिकों ने इटली के मंतुआ प्रांत पर कब्जा किया। 1743: साप्ताहिक अखबार न्यूयार्क में दुनिया में पहली बार आधे पृष्ठ का विज्ञापन प्रकाशित हुआ। 1781: ब्रिटेन के विख्यात खगोल शास्त्री विलियम हरशल ने आकाश गंगा की वास्तविकता का पता लगाया। 1857: बंबई विश्वविद्यालय की स्थापना। 1872: ब्रिटेन में चुनाव में गुप्त मतदान अधिनियम आया। इससे पहले मतदान खुले तौर पर किए जाते थे। 1918: नोबेल पुरस्कार से सम्मानित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का जन्म। 1947: ब्रिटिश संसद द्वारा पारित भारत स्वतंत्रता अधिनियम को ब्रिटेन के सम्राट द्वारा मंजूरी दी गई। 1951: उरुग्वे ने संविधान स्वीकार किया। 1955: परमाणु ऊर्जा से उत्पादित बिजली को व्यावसायिक रूप से पहली बार बेचा गया। 1963: सीरिया में सैन्य तख्तापलट विफल। 1968: कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में इंटेल कॉर्पोरेशन की स्थापना। 1977: वियतनाम संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना। 1980: पूर्ण रूप से भारत में निर्मित उपग्रह 'रोहिणी-1' पृथ्वी की कक्षा में स्थापित। 1985: सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 2010: केरल के प्रोफेसर जोसफपर आठ लोगों ने हमला किया।

QUIZ TIME

1) मानव विकास सूचकांक किसने तैयार किया था?

2) एलपीजी में होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए क्या मिलाया जाता है?

3) किस शहर ने 32वें अरब लीग शिखर सम्मेलन 2023 की मेजबानी की?

4) आईपी एड्रेस कितनी संख्याओं का समूह होता है?

5) गिफ्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में किसे ________ नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) महबूब उल हक (2) एथिल मर्कैप्टन (3) जेद्दा (4) चार (5) हसमुख अढिया

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष - आज का दिन आपको कोई नई खुशी देकर जाएगा। धन लाभ उम्मीद ना होने पर भी अकस्मात होगा।

वृष-आज के दिन मन कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा। शारीरिक सामर्थ्य भी आज कम ही रहेगा फिर भी जबरदस्ती करेंगे।

मिथुन-आज का दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज एक समय मे मन दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी।

कर्क- आज भी दिनचार्य संघर्ष वाली रहेगी। दिन के आरम्भ से ही मन किस अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा।

सिंह-आज का दिन वैसे तो आपके लिये कुछ ना कुछ लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है जिसका पछतावा लंबे समय तक रहेगा।

कन्या -आज का दिन भी आपके लिये अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है।

तुला-आज का दिन धैर्य से बिताने में ही भलाई है। मेहनत करने पर तुरंत लाभ की आशा ना रखें आज किया।

वृश्चिक-आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा। आज आप की कार्य गति थोड़ी धीमी रहेगी।

धनु -आज का दिन मिश्रित फल प्रदान करेगा। कभी लाभ होता नजर आएगा अगले पल निराश होने पड़ेगा।

मकर-आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी रहेगी, समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

कुंभ - आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेंगे। व्यवहार में सुधार करेंगे मीठा बोलकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेंगे।

मीन-आज भी बचते बचते कलह होने की संभावना है आज स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है।

आज का पंचांग (मंगलवार 18 जुलाई)

सूर्योदय: 05:47, सूर्यास्त: 07:18, चन्द्रास्त: 19:25, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु: वर्षा, शक सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल),

मास श्रावण, पक्ष शुक्ला, तिथि प्रतिपदा, नक्षत्र पुष्य, योग व्याघात (08:58 से हर्षण), प्रथम करण चतुष्पाद (11:02 तक), द्वितीय करण नाग (00:01 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:55 से 12:51, अमृत काल 02:32 से 04:18, सर्वार्थसिद्धि योग 05:11 से 05:27, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:37, गोधूलि मुहूर्त 19:18 से 19:38, सायाह्न सन्ध्या 19:19 से 20:20,

निशिता मुहूर्त 00:03 से 00:43, राहुकाल 15:00 से 16:30, राहुवास उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड 10:39 से 12:23, होमाहुति सूर्य, दिशाशूल पूर्व, अग्निवास आकाश (00:01 से पृथ्वी),, चन्द्रवास पश्चिम (उत्तर 22:32 से), शिववास गौरी के साथ (00:01 से श्मशान में)।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -128

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (ऊ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 127 का हल

गु	मा	न	■	■	प	यो	द	■
न	■	ह	क	दा	र	■	ल	य
ह	वा	ला	त	■	च	■	द	म
गा	■	■	रा	ज	म	ह	ल	■
र	ई	स	■	ग	■	स	■	अ
■	मा	■	प	त	वा	र	■	ल
ख	न	क	ना	■	ह	त	■	बे
स	दा	■	ह	■	बा	■	शो	ला
रा	र	■	■	■	ही	र	क	■

बरसते पानी में डटे रहे संविदा कर्मचारी

■ नियमित करेगी भाजपा : चंदेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने आंदोलन कर रहे संविदा कर्मचारियों के बीच जाकर उनकी मांग का समर्थन करते हुए ऐलान किया कि भाजपा की सरकार बनने पर निश्चित रूप से उनकी मांग पूरी की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने बरसात के बीच धरने पर बैठे हजारों कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि मंगलवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में भाजपा आपकी मांग को पूरी ताकत के साथ उठाएगी।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कर्मचारियों के आंदोलन स्थल पहुंचकर इन कर्मचारियों को समर्थन देते हुए कहा कि हरेली के पावन दिन आप हड़ताल पर बैठे हैं और यह लबरा भूपेश बघेल सरकार के कारण यहां बैठे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के आंदोलन में आप सबके सामने आपका समर्थन करने आया हूं। हमारे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव आपके बीच आकर आप की मांग का समर्थन कर चुके हैं। मैंने सारे नेताओं से चर्चा की है कि मैं आपके बीच समर्थन देने जा रहा हूं। सभी ने कहा कि हमारी ओर से आश्वस्त कर दें कि तीन महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कमल छाप भारतीय जनता पार्टी का जो घोषणा पत्र बनेगा उसमें कर आपके नियमितीकरण की घोषणा होगी। भाजपा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। कांग्रेस ने 2018 में आप लोगों सहित छत्तीसगढ़ से जो झूठे वादे किये थे, उनका हिसाब लेंगे। हमारे कर्मचारी भाइयों बहनों से धोखा किया गया। कोई वादे पूरे नहीं किये।

आज धान खरीदी के लिए मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-2024 में धान खरीदी और कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक 18 जुलाई को होगी।

यह बैठक छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित सभाकक्ष में दोपहर 1.30 बजे से आहूत की गई है। मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में मंत्रीगणों के अलावा कृषि, वित्त, राजस्व, सहकारिता, खाद्य विभाग के साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन, चिप्स, अपैक्स बैंक और एनआईसी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों एवं फैसलों के कारण विगत चार सालों में किसानों की संख्या और रकबा में लगातार वृद्धि हुई है। कृषि उत्पादन भी तेजी के साथ बढ़ा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव के कारण धान का निष्पादन आसानी से संपन्न हुआ है। इस वर्ष भी किसानों को सहुलियत प्रदान करने और धान विक्रय के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

सीएम ने किया छत्तीसगढ़िया ऑलंपिक का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर के ग्राम पंचायत नवागांव में हरेली पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ किया. मुख्यमंत्री ने गेड़ी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को खेल सामग्री का भी वितरण किया. गौरतलब है कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन का ये दूसरा वर्ष है और इसकी लोकप्रियता को देखते हुए पहली बार रस्सी कूद और कुश्ती जैसे खेल भी शामिल किए गए हैं. इस बार छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 16 पारंपरिक मुकाबलों के साथ 6 चरणों में संपन्न होगी. छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में तीन अलग-अलग आयु वर्ग में 30 लाख से ज्यादा महिला एवं पुरूष प्रतिभागी हिस्सा लेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

'हैलो जिंदगी' अभियान के दौरान तीन शराब कोचिया गिरफ्तार

■ जागरूकता अभियान के दौरान 198 पौवा देशी शराब जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस का नशा के विरूद्ध व्यापक जागरूकता अभियान ''हैलो जिंदगी'' के दौरान शराब कोचियों पर कार्यवाही की गई है। अवैध रूप से शराब के साथ रविवार को 1 और आज सोमवार को 2 इस तरह कुल तीन आरोपी गिरफ्तार किये गए हैं। शराब रखने के संबंध में नरेश चौहान से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम द्वारा आरोपी नरेश चौहान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें कुल 90 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 10,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 438/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत पाडेपारा छपोरा में आरोपी गुलाबचंद वर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें कुल 56 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 6,500/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 211/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी भुनेश्वर सेन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें कुल 52 पौवा देशी शराब तथा बिक्री नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 8,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 210/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

क्राइम खबर...

लोन के बहाने बैंक से ही ठग लिए 71 लाख, 2 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में जमीन के पेपर दिखाकर फर्जी तरीके से बैंक से ही ठगी करने का मामला सामने आया है। घर बनवाने के लिए एक ही जमीन के कागजात 2 बैंक को दिखाकर करीब 71 लाख रुपए निकाल लिए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 13 जनवरी 2021 को आरोपी देवेंद्र देवांगन ने घर बनवाने के लिए राज्य ग्रामीण बैंक में आवेदन दिया। ये लोन की रकम 55 लाख रुपए थी। जिसमें से पहली किस्त में 40 लाख रुपए आरोपी ने निकाल लिए। लेकिन फिर विक्रेता मुख्तार नईम ने 19 फरवरी को फिर क्रेता देवेंद्र यादव को जमीन बेची। इस जमीन में पहले से बेची जमीन का भी हिस्सा शामिल था। जानकारी के मुख्तार नईम से पहले देवेंद्र देवांगन ने जमीन का कुछ हिस्सा खरीदा और घर बनवाने के लिए लोन अप्लाई किया। जमीन खरीदार देवेंद्र देवांगन को राज्य ग्रामीण बैंक से लोन मिल भी गया। इसके बाद मुख्तार नईम से जमीन का एक और हिस्सा खरीदा गया लेकिन इसबार पहले से खरीदी जमीन को भी नए सौदे में शामिल कर फर्जीवाड़ा किया गया। इसके बाद श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस से भी 31 लाख रुपए का होम ले लिया गया। जब इसकी जांच बैंक अधिकारियों ने की तो एक ही जमीन पर 2 बार लोन लेने की बात सामने आई। पुलिस से शिकायत के बाद खरीदने वाले और बेचने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बाइक सवारों ने तीन जगहों पर की उठाईगिरी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं। अपराधी यहां दिनदहाड़े अपराध को अंजाम दे रहे हैं। वहीं राजधानी में दो घंटे में उठाईगिरी की तीन घटनाएं सामने आई है। उठाईगिरी के तीन घटनाओं ने पुलिस के होश उड़ा दिए हैं। घटना के बाद रायपुर पुलिस ने शहर के सभी थानों को अलर्ट कर दिया है और जगह-जगह नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाशी की जा रही है। पहला मामला सरस्वती नगर थाने का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार दो बाइक सवार एनआइटी के पास बैंक के सामने 40 हजार रुपयों से भरा एक बैग लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने सरस्वती नगर थाने में उठाईगिरी की शिकायत की है। सरस्वती नगर थाना के बाद बदमाशों ने देवेंद्र नगर थाना में भी उठाईगिरी की वारदात को अंजाम दिया है। वहीं दूसरी घटना में बदमाश कितनी राशि ले भागे इसका भी पता नहीं चल पाया है। जबकि तीसरी घटना कहां हुई इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। खबरों के अनुसार उठाईगिरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर बाइक चालक लगातार अपनी शर्ट बदल रहे हैं। इन बदमाशों की तीन अलग-अलग जगह से फोटो आई है। फिलहाल पुलिस ने इन बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है, जिससे बदमाशों का कोई सुराग मिल सके।

चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश, गंवाई जान

रायपुर/नवप्रदेश। चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करने के चक्कर में एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। घटना रविवार शाम को रायपुर रेलवे स्टेशन में घटी। मृतक ओड़िशा का रहने वाला था। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आंबेडकर अस्पताल भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार रविवार शाम छह बजे विशाखापटनम से एलटीटी लोकमान्य तिलक जाने वाली सुपरफास्ट ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर आ रही थी, तभी एक युवक ने अचानक प्लेटफार्म पर दौड़ लगाई। वह चलती ट्रेन पर सवार होने की कोशिश कर रहा था तभी पैर फिसलने से वह पटरी पर जा गिरा और ट्रेन उसके ऊपर गुजरते निकल गई। इस हादसे में पूरा शरीर कट जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जीआरपी, आरपीएफ की टीम पहुंची। तलाशी लेने पर मृतक की जेब से पहचान पत्र मिला। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी मनोरंजन मुखर्जी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त ओड़िशा के नुआपाड़ा, खरियार रोड अंतगर्त ग्राम अमलापाले निवासी विकास पुंजे पिता बलदेव (27) के रूप में की गई।

आज मिलेगा छग को मिलेगा राष्ट्रपति के हाथों भूमि सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों 18 जुलाई 2023 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को भूमि सम्मान मिलेगा। साथ ही प्रदेश के दो जिलों सरगुजा और बेमेतरा को भी भूमि प्रबंधन और प्रशासन के लिए भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश को भूमि प्रबंधन के लिए सम्मान मिलना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। उन्होंने प्रदेश के राजस्व विभाग और सरगुजा तथा बेमेतरा जिला प्रशासन को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉर्डनाईजेशन प्रोग्राम अंतर्गत प्रदेश में बेहतर काम हुए है, जिससे आम लोगों को भूमि संबंधी जानकारियां मिलना आसान हुआ है। डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉर्डनाईजेशन प्रोग्राम अंतर्गत प्रदेश में भूमि प्रबंधन से जुड़े 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इसी तरह भूमि प्रबंधन से जुड़े चार घटकों, लैण्ड रिकार्ड का डिजिटाइजेशन, पंजीयन कार्यालय से समन्वय, मॉडल रिकार्ड रूम की स्थापना में प्रदेश के सरगुजा और बेमेतरा जिले में शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके है।

कान्यकुब्ज महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर के महिला मंडल द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सावन उत्सव 2023 का आयोजन शनिवार को शाम 5 बजे से आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर में किया गया। इस सावन उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें नृत्य महिलाओं ने कार्य्रम में रंगारंग प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को हरा-भरा बना दिया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - बरखा त्रिवेदी, दूसरा स्थान-अंजली पांडे और तीसरे स्थान पर - शीतल मिश्रा एवं सरिता दीक्षित ने अर्जित किया। इस अवसर पर महिला मंडल की वरिष्ठ बहनों ने सभी का बहुत उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के आनंद को गरमा गरम चाय और नाश्ते के साथ शाम को बारिश की फुहारों ने और भी रोमांचित कर दिया।

आप का जशपुर से 'बदलाव यात्रा' का आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी, छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी संजीव झा सोमवार को प्रदेश के दौरे पर पहुंचे। आम आदमी पार्टी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी संजीव झा आज, सोमवार को जशपुर के कुनकुरी में 'बदलाव यात्रा' में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।इस यात्रा में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों कार्यकर्ता मौजूद रहे। 'आप' ने बताया कि संजीव झा 22 जुलाई तक प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 'बदलाव यात्रा' में शिरकत करेंगे। 'बदलाव यात्रा' को लेकर प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस और बीजेपी से त्रस्त हो चुकी है। कांग्रेस-बीजेपी ने जनता के साथ लगातार धोखा किया है। बीजेपी ने 15 सालों में छत्तीसगढ़ की भोलीभाली जनता को ठगने का काम किया है। बीजेपी से परेशान होकर जनता ने कांग्रेस को मौका दिया, लेकिन कांग्रेस, बीजेपी को पीछे छोड़ते हुए भ्रष्टाचार और बेईमानी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हालांकि बिलासपुर की महारैली को अपार जनसमर्थन मिला। जिससे अब स्पष्ट हो गया है कि जनता बदलाव चाहती है। इसको लेकर अब आम आदमी पार्टी प्रदेशभर में बदलाव यात्रा निकाल रही है। प्रदेश में बदलाव का आगाज हो गया है। अब जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। 'आप' ने बताया कि प्रदेश प्रभारी संजीव झा 17 जुलाई को जशपुर, 18 जुलाई को सरगुजा, 19 जुलाई को कोरबा, 20 जुलाई को कांकेर, 21 जुलाई को बस्तर और 22 जुलाई को राजधानी रायपुर में आयोजित 'बदलाव यात्रा' में शामिल होंगे। इस दौरान संजीव झा अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में बदलाव यात्रा के माध्यम से पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। साथ ही विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आम लोगों से भी मुखातिब होंगे।



147 पदों पर भर्ती के लिए जॉब फेयर आज

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 18 जुलाई को जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। यह जिला रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक ने बताया कि इस कैम्प के माध्यम से VaiManika Aerospace, Universal Agrico Forestry Pvt.Ltd. Raipur एवं Shefali Business International द्वारा भर्ती की जाएगी। कैम्प में 10वीं से स्नातक, (एग्रीकल्चर/विज्ञान) आई.टी.आई. कोपा उत्तीर्ण शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यार्थियों की भर्ती होगी। विभिन्न संस्थाओं द्वारा भर्ती किए जाने वाले पदों में ड्रोन पायलट, डिस्ट्रिक मैनेजर, डाटाइंटी ऑपरेटर, फिल्ड सुपरवाइजर और फिल्ड सेल्स एक्सीक्यूटिव इत्यादि 147 से अधिक पद शामिल है। विभिन्न अनुभव के आधार पर होने वाले पदों का वेतन 10 हजार से 20 हजार प्रतिमाह होगा।

मंडाविया ने ली मैराथन बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश चुनाव सह प्रभारी व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने आज मैराथन बैठकें कर कांग्रेस की हवा निकाल कर रख देने का अभियान तेज कर दिया।

प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सारे दिन बैठकों का दौर चला। सुबह 10.30 बजे से शुरू बैठकों का सिलसिला शाम तक चलता रहा। जिसमें सोशल मीडिया, आईटी सेल, मीडिया टीम की बैठक, घोषणा पत्र संयोजक सहसंयोजक की बैठक, नरेटिव टीम के साथ बैठक हुई। बैठकों में प्रदेश चुनाव सह प्रभारी मनसुख मंडाविया ने मार्गदर्शन दिया कि किस तरह कार्य करना है और कांग्रेस की हवा निकाल कर रख देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए कांग्रेस कोई चुनौती नहीं है। भाजपा हर चुनौती से पार पाने की क्षमता रखती है। हम विजय के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। चुनाव सह प्रभारी के मार्गदर्शन में रणनीतिक मंथन किया गया। श्री मंडाविया के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन सह प्रभारी नितिन नबीन, महामंत्री संगठन पवन साय ने बैठक ली। प्रदेश चुनाव सह प्रभारी के साथ एक विषय बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, पंकज झा, प्रशांत सिंह ठाकुर, सोमेश चंद्र पांडे, मिथुन कोठारी, सुनील पिल्लई, आदित्य कुरील, संदीप उपारकर ने भागीदारी की।

थैलेसिमिया पीड़ित मयंक को इलाज के लिए सीएम ने दिए 20 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निवास परिसर में आयोजित हरेली तिहार के दौरान मेजर थैलेसिमिया पीड़ित 9 साल के मयंक गोस्वामी के इलाज के लिए उनके परिजनों को 20 लाख रूपए का चेक सौंपा। गोस्वामी परिवार ने मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे मयंक के इलाज में बड़ी मदद मिलेगी। मयंक आज अपने पिता रवि गोस्वामी के साथ मुख्यमंत्री से मिलने उनके निवास पहुंचे थे। जहां मुख्यमंत्री ने मयंक से उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उसके पिता से आगे के इलाज के बारे में पूछा। दरअसल पिछले दिनों रायपुर के गुढ़ियारी में आयोजित भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री रवि गोस्वामी ने अपने बेटे के इलाज के लिए सहायता मांगी थी। मुख्यमंत्री ने मयंक की हालात जानकर तत्काल इलाज के लिए जरूरी राशि की व्यवस्था का भरोसा दिलाया था, जिस पर गोस्वामी परिवार को इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 18 लाख रूपए की मदद दी जा चुकी है। गौरतलब है कि रायपुर के न्यू राजेन्द्र नगर के रहने वाले रवि गोस्वामी का नौ साल का बेटा मयंक दस माह की उम्र से ही मेजर थैलेसिमिया से पीड़ित है। उसे हर 15 दिनों में खून चढ़ाना पड़ता है। प्रदेश की संवेदनशील सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं ने गरीब से गरीब परिवार में गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज के इलाज के लिए आर्थिक सहायता का रास्ता खोला है।

दो बाइक में टक्कर, 4 लोगों की मौत

■ **एक घायल, हरेली तिहार मनाने जा रहे थे युवक**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। एक शख्स घायल है। इनमें से 2 युवक हरेली तिहार मनाने के लिए किसी दूसरे गांव में जा रहे थे, जबकि 3 लोग काम से जा रहे थे।

मगर रास्ते में दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसके चलते मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई है। हादसा छुरिया थाना क्षेत्र में हुआ है। हादसा सुबह करीब 11 बजे के आसपास हुआ है। बोईरडीह के रहने वाले युवक त्योहार मनाने के लिए निकले थे।

दोनों बाइक से अभी बोईरडीह के आगे पुल के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से इनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि चारों रोड के किनारे पहुंचे गए। बताया जा रहा है कि जिस समय हादसा हुआ। उस समय बारिश हो रही थी। दोनों ही बाइक तेज रफ्तार में थी। इसलिए जब दोनों आमने-सामने हुईं तब चालकों ने अचानक से ब्रेक मारा। इस वजह से गाड़ी फिसल गई और यह हादसा हो गया है।

इन लोगों की हुई मौत

1. दिलीप गोड़ पिता पंचराम गोड़ (30 वर्ष) ग्राम-बोईरडीह।
2. हितेश कुमार (21 वर्ष) ग्राम बोईरडीह।
3. मोमेन्द्र कुंजाम पिता मुकेश कुंजाम (24 वर्ष) ग्राम-पांडेटोला
4. शिव नेताम पिता कृष्णा नेताम (24 वर्ष) ग्राम-पांडेटोला।
5. तिलक मंडावी पिता कलीराम मंडावी (52 वर्ष) ग्राम-पांडेटोला (तिलक घायल है, उसका उपचार किया जा रहा है)

कलेक्टर ने खुटेरी में किया पौध रोपण

■ **जिलेवासियों से अधिक से अधिक पौध रोपण करने की कलेक्टर ने की अपील**

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रथम पारम्परिक त्यौहार हरेली उत्सव मनाने कलेक्टर आकाश छिकारा फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खुटेरी गौठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पारम्परिक कृषि औजार नागर, रापा, कुदाली के साथ गेड़ी की विधिवत पूजा अर्चना कर गुड़ चीला का भोग अर्पित कर पूजन किया। कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता याादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने आम, अमरूद, कटहल, करंज, नीबू का चारागाह में पौधरोपण किया। बता दे कि यहां 5 एकड़ रकबे पर लगभग 3 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के फलदार, औषधी एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया जायेगा। कलेक्टर ने ग्रामवासियों एवं किसानों से खेती-किसानी के बारे में चर्चा कर उनका हालचाल की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामवासियों ने स्कूल में शिक्षक, पक्की नाली तथा सीसी रोड निर्माण की मांग की। इस पर कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थल जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ अजय पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेगा बुधेश्वर साहू ,परियोजना अधिकारी रीना ध्रुवे, सरपंच लक्ष्मी साहू ,गोठान समिति अध्यक्ष सियाराम सेन राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

प्रकृति ही हमारे अस्तित्व का आधार है : प्रतीक्षा भंडारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत जोरातराई-मनगटा में हरेली तिहार विधि-विधान से मनाया गया। ग्रामीणों ने यहां कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें अन्य अतिथियों के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी भी शामिल हुईं। उन्होंने नागरिकों को छत्तीसगढ़ के पहले लोक तिहार की शुभकामनाएं दी। आयोजन के तहत सबसे पहले गौठान में गौ माता की अर्चना कर उन्हें खिचड़ी का भोग लगाया गया। गौ पालक अपनी गोधन को लेकर यहां पहुंचे थे। इसके बाद भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर तिलक कर उन्हें अतिथियों ने प्रणाम किया। आयोजन के तहत स्कूल प्रांगण में मां सरस्वती का भी पूजन किया गया। यहां ग्रामीणों के साथ अतिथियों ने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने कहा कि-हमारी संस्कृति हमारी पहचान और अभिमान है। इसे सहेजे रखने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर भी है। वे वरिष्ठों और गांव के सियानों से अपनी परंपरा समझें, देखें और उन्हें निभाने आगे आएं। उन्होंने कहा कि-प्रकृति की उपासना मनुष्य आज नहीं आदि काल से करता आ रहा है। यही हमारे अस्तित्व का आधार है। उन्होंने ग्रामीणजनों को लोक तिहार की बधाई दी। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ अंत्यवसायी निगम अध्यक्ष धनेश पाटिला, जनपद पंचायत सभापति मोहनीश धनकर, राजेन्द्र यदु, गिरीश साहू, राजेश धनकर, श्रीमती मनोहरी साहू, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री तनुजा मंडावी, जनक शुक्ला, वायडी साहू, सूर्यकांत भंडारी, रामलाल साहू, रामसिंग साहू, राहुल साहू, सतपाल यादव अतिथि के रुप में उपस्थित थे। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन जुटे थे।

समाजवादी पार्टी ने किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, प्रदेश सचिव मयूर सिद्दीकी एवं प्रदेश सचिव सन्नी फर्नांडिस, प्रदेश सचिव मोती लाल यादव के दिशा-निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष इमानवेल सिंह के नेतृत्व में हरेली पर्व के उपलक्ष्य में मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के किनारे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आंवला, बादाम, जाम, आम, कदम, जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों फलदार पौधों का रोपण किया। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि हमारी लोक परंपरा में प्रकृति के संरक्षण और उसकी उपासना का महत्व है। मनुष्य प्रजाति इस प्रकृति की देन पर ही आश्रित है। इसलिए इससे जितना लिया जा रहा है इसे उतना ही लौटना भी हमारा कर्तव्य है। सही अवसरों पर पौधरोपण काफी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि-हरेली या हरियाली तिहार के मौके पर प्रकृति भी हरी चुनरी ओढ़े होती है। चहूं ओर हरियाली है। यह धरती और प्रकृति माता को नमन का अवसर है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष ललित साहू, जिला सचिव मन्नू सोनी, जिला उपाध्यक्ष विष्णु सोनी, शहर उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, देवा यादव, मीना तिवारी, नायडिस रामटेके सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मगरलोड संघर्षशील वनग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तित

■ **विकास मरकाम के शिकायत पर राष्ट्रीय जनजातीय आयोग ने लिया संज्ञान**

नगरी/नवप्रदेश। नगरी और मगरलोड ब्लॉक के 110 ग्रामों को राजस्व ग्रामों जैसी सुविधाएं मिले इस दिशा में चल रहे आंदोलन, संघर्ष और प्रयास को एक बड़ी सफलता मिली है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम के शिकायत पत्र पर संज्ञान लेते हुए धमतरी के कलेक्टर को नोटिस के माध्यम से आदेशित किया है कि 110 ग्रामों को राजस्व ग्रामों जैसी सुविधाएं देने की दिशा में क्या कार्रवाई हुई है इसकी जानकारी तत्काल उपलब्ध करवाया जाए। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने विकास मरकाम के निवेदन पर 110 ग्रामों के लोगों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर से जवाब मांगा है। आयोग ने कड़े शब्दों में स्पष्ट कहा है कि यदि कलेक्टर जवाब नही देते तो उनके विरुद्ध अनुच्छेद 338 (क) के तहत कार्रवाई भी की जा सकती है। विकास मरकाम ने प्रारंभ से ही मगरलोड और नगरी ब्लॉक के 110 ग्रामों के संघर्ष और मांग को अपना समर्थन दिया है।

इसी कड़ी में उन्होंने राज्यपाल, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग और प्रधानमंत्री कार्यालय तक को पत्र लिखा। जिस पर संज्ञान लेने से 110 ग्रामों के लोगों के प्रसन्नता एवम उम्मीद की किरण दिखाई देने का विषय है। पूर्व में भी विकास मरकाम ने राज्य सरकार को चेताया था कि वह अपने आदिवासी विरोधी रवैए से बाज आए। जनजाति बहुल 110 ग्रामों को सुविधाएं दे। राजस्व विभाग उनका पर्चा दुरुस्त करें नही तो भीषण संघर्ष किया जाएगा। स्थानीय विधायक को जनविरोधी बताते हुए विकास मरकाम ने उन्हें 110 ग्रामों के प्रति संवेदनहीन बताते हुए इन ग्रामों के लिए कुछ नहीं करने का भी आरोप लगाया। सड़क की लड़ाई लड़ने से पूर्व पत्र व्यवहार का सहारा विकास मरकाम द्वारा अपनाया गया है। जिसपर भारत के प्रमुख संवैधानिक आयोग द्वारा संज्ञान में लेना हर्ष का विषय है।

साहू संघ की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। तहसील साहू संघ की मासिक बैठक 15 जुलाई को स्थानीय साहू सदन में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष युवराज साहू की अध्यक्षता में हुई।. बैठक का विषय धर्मांतरण रोकना, समाज में महिलाओं, युवाओं, युवक - युवती की भागीदारी, सामाजिक कुरीतियों को दूर करना, संगठन को सशक्त बनाने , अन्तरजाति विवाह में रोक लगाना, सामाजिक कार्यशाला का आयोजन, समाज के रीति रिवाज , धर्मांतरण रोकने के लिए निगरानी समिति का गठन,. लव जिहाद से दूर रहें, के विषय में युवराज साहू ने विस्तार से जानकारी दिया। बैठक में कहा गया कि साहू समाज का कोई भी व्यक्ति धर्मांतरण न करें, अगर कोई भी व्यक्ति धर्मांतरण किया है, तो उसकी जानकारी दें, उसकी घर वापसी के लिए समझाइश दिया जायेगा. किशोरी बालिकाओं के लिए कैरियर गाइडेंस का आयोजन किया जाना है. पूर्व अध्यक्ष तोरण साहू ने सामाजिक नियमावली के विषय में जानकारी दिया। संचालन उपाध्यक्ष रेखू राम साहू एवं आभार सचिव घना राम साहू ने किया।

कौरिन भाठा में बूथ कमेटी की बैठक संपन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के आदेशानुसार शहर-जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के मार्गदर्शन में बूथ चलो अभियान के तहत दिनांक 14 जून दिन शुक्रवार को शाम 7 बजे वार्ड क्रमांक 44 में बूथ क्रमांक 35 एवं 36 की बूथ कमेटी की आवश्यक बैठक दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में आहूत की गई। जिसमें बूथ कमेटी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए गए। उक्त अवसर पर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के बूथ चलो अभियान की प्रभारी महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने छत्तीसगढ़ सरकार की भूपेश बघेल की जनहितकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से कांग्रेस जनों एवं बूथ कमेटी के सदस्यों को जानकारी दी और सभी मोहल्लेवासियों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने की बात कही। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन एवं महापौर हेमा देशमुख ने छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में धनवंतरी मेडिकल स्टोर योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना, वन अधिकार मान्यता पत्र, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, सरकार की सुराजी गांव योजना, नरवा-गरवा-घुरवा-बारी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, बेरोजगारी भत्ता योजना आदि अनेक योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार ने समूचे जन मानस के लिए कार्य किया है।

घनश्याम और आनंद को मिली पदोन्नति

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। किसी भी व्यक्ति के लिए पदोन्नति बहुत मायने रखता है।लंबे समय तक किये गए कार्यो ,योगदान,एवं प्रयासों के परिणाम स्वरूप पदोन्नति कदम चूमती है। हस्ताक्षर साहित्य समिति से जुड़े साहित्यकार घनश्याम पारकर को विद्युत विभाग सी एस डब्ल्यू प्लांट में वरिष्ठ तकनीशियन के पद से अब अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी के पद पर पदोन्नति हुई वहीं इसी संस्था से जुड़े आनंद बोरकर जो कि वर्तमान में राजहरा माइंस हॉस्पिटल में कार्यालय सहायक पद पर कार्यरत है,उनका प्रमोशन कार्मिक विभाग राजहरा में कनिष्ठ कार्मिक अधिकारी के पद पर किया गया है।

दोनो व्यक्तियों ने विभागीय परीक्षा में सफलता प्राप्त कर पदोन्नति हासिल की है। उल्लेखनीय है कि घनश्याम पारकर वर्ष 1995 मे सी एस डब्ल्यु प्लांट दल्ली यंत्रीकृत खदान मे आपरेटर के पद पर ज्वाईन किया । 2002 मे विद्युत विभाग सी एस डब्ल्यु प्लांट तकनीशियन एवं पदोन्नति पश्चात वरिष्ठ तकनीशियन के पद पर कार्य किया। उनके द्वारा किये गए कार्यों एवं सेवा के साथ पद के अनुरूप विभागीय परीक्षा में शामिल होकर सफलता हासिल की।इस सफलता के बाद विभाग ने उन्हें जुलाई में अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया है। श्री पारकर ने सुरक्षा , पर्यावरण एवं विभिन्न आयोजनों के लिए चलित मॉडल एवं झाँकी बनायें।जिसे न केवल लोगो ने सराहा बल्कि राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता मे प्रदर्शित करने का मौका मिला,साथ ही पुरस्कार भी प्राप्त हुआ । साहित्य एवं समाज सेवा कार्यों मे हमेशा सक्रिय रहने वाले श्री पारकर विशिष्ट कार्यों के लिए अनेकों सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त कर चुके है। वहीं उनके चलित मॉडल एवं झाँकी छत्तीसगढ़ के अलावा देश के विभिन्न स्थानों लखनऊ(उ प्र) , मदुरै (तमिलनाडु) ,दुर्गापुर पश्चिम बंगाल एवं बैंगलोर(कर्नाटक) मे प्रदर्शित हो चुकी है। इन कार्यों के अलावा वे साहित्य साधना में भी लगे हुए है, उनकी रचनाएँ देश के प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं मे प्रकाशित हो चुकी है।

बिहान की वार्षिक आमसभा संपन्न

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन 'बिहान' के तहत् नई सोच ग्राम संगठन द्वारा वार्षिक आम सभा का आयोजन आज दिनाँक 16 जुलाई को पूर्व माध्यमिक शाला परिसर परसदा में रखी गई । जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत परसदा के सरपंच मिथलेश साहू, बिसाहु राम साहू, विष्णु साहू, लालजी सेन, पंचराम साहू, बरातू साहू, अनुज साहू, श्रीमती राम्हीन साइ, मीना साहू के आतिथ्य में ÷बिहान÷ कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रीति साहू, सचिव धनेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष कल्याणी सेन व सहायिका छाया साहु, सक्रिय महिला पूर्णिमा साहू, कृषि मित्र देवन्तिन साहू आदि।

अनियमितताओं को लेकर सांकेतिक धरना

खरोरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला रायपुर ग्रामीण द्वारा जिला अध्यक्ष फणेंद्र भूषण वर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट नीति रीति तहत प्रत्येक विभागों में चल रहे । भर्ती घोटाले और अनियमितताओं को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा चौक में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया।

जिसमें सरकार के भ्रष्ट नीति को लेकर चौक में ही सबको अवगत कराया गया। इस धरना प्रदर्शन में इस घनघोर बारिश में युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता पीछे नहीं हटे एवम स्थल पर ही डटे रहे । पश्चात धरना स्थल पर मजूद तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

उक्त प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष भाजपा बड़ी टंक राम वर्मा , महामंत्री अनिल अग्रवाल , भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंजय शुक्ला , भाजपा अध्यक्ष विधानसभा मंडल भरत सोनी भाजपाकिसान, मोर्चा के प्रदेश मंत्री बबलू खिलावन शर्मा, हनुमंत आहिल, गोविन्द वर्मा, अनिल पूर्व अध्यक्ष रोबिन साहू, अरविन्द सोनवानी, विकाश कोटवानी, मुकुंद ठाकुर, संचित तिवारी भाजपुणे मेश्राम, आशीष सोनकर, गोयल भट्ट रायपुर जिलाध्यक्ष फणेन्द्र भूषण वर्मा, विवेक त्रिपाठी सहित समस्त जिला जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा मंडल रायपुर ग्रामीण के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

स्कूलों को कलेक्टर की हिदायत, ट्रैफिक नियमों का करें सख्ती से पालन

गरियाबंद/नवप्रदेश। शैक्षणिक संस्थाओं में सड़क सुरक्षा के नियमों का सुनिश्चितीकरण करने के लिए सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में आवश्यकतानुसार नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही करने कहा गया है। जिससे स्कूली विद्यार्थियों के यातायात में जोखिम और दुर्घटना की संभावना शून्य हो सके। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि विशेषकर शहरों में मोपेड़, दो पहिया वाहन, ऑटो रिक्शा, टैक्सी, मिनी बस आदि में ओवरलोड होकर स्कूली विद्यार्थियों की आवाजाही हो रही है। वाहनों में क्षमता से अधिक संख्या में लटककर विद्यार्थी आवागमन कर रहें है। इसके पीछे शैक्षणिक संस्थाओं, वाहन मालिकों, चालकों, पालकों एवं स्वयं विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात के सामान्य नियमों एवं मानदंडों का पालन नही किया जाना मुख्य कारण हैं। अक्सर ऐसी चुकें स्कूली विद्यार्थियों के लिए यह जानलेवा भी साबित होती रही है। इस परिपेक्ष्य में स्मरण हो कि पूर्व में भी मुख्य सचिव द्वारा सड़क दुर्घटना रोकने, सड़क सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंधन करने, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक और समीक्षा नियमित रूप से करने, सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के उपाय और प्रयास तथा सड़क सुरक्षा अभियान चलाने के संबंध में निर्देश दिए गए है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पर राज्य में अंतरविभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षाद्ध के माध्यम से सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है।

हरेली पर्व : किसानी के औजारों की किए पूजा

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड मे गांव गांव में किसान अपने खेतों में काम करने वाले औजारों रापा, गैती, कुल्हाड़ी, गेड़ी, बसूला बिधाना इत्यादि का विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया साथ ही अच्छा फसल होने की कामन करते हुए वही ग्राम पंचायत सांकरा गौठान में हरेली पर्व पर शासन के मंशा स्वरूप सांकरा के भीमादेव गौठान में हरेली पर्व पर कुदाली,रापा अन्य कृषि उपयोगिता समाग्री

खरोरा में हर्षोल्लास से मनाया हरेली त्यौहार

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली प्रदेश के किसानों के साथ ही बच्चों के लिए खुशियां लेकर आती है, पारंपरिक खेलों का आयोजन बच्चे बूढ़े, जवान, महिलाएं सभी को आनंद से भर देता है, छत्तीसगढ़ में प्रकृति को पूजने की परंपरा पूर्वजों की देन है, हरेली में कृषि उपकरणों के साथ ही गौधन की पूजा होती है, नीम के टहनी घरों के दवार पर लटकाया जाता है जिससे कई तरह के बरसाती किटाणुओं का नाश होता है, बच्चों के लिए यह दिन खास होता है क्यों कि उन्हें गेड़ी चढ़ने को मिलता है, हरेली को बच्चे गेड़ी तिहार के नाम से भी जानते हैं। छत्तीसगढ़ का प्रथम पर्व धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मान्यताओं के अनुसार हरियाली पर्व से ही हिंदू पर्व की शुरुआत होती है । हरियाली पर्व कृषि वर्ग में विशेष महत्व रखता है। आज के दिन किसानों द्वारा कृषि उपकरण की साफ-सफाई कर पूजा अर्चना की जाती है । वही आज सुबह से ही छोटे बच्चों द्वारा घर-घर पहुंचकर नीम की टहनी दरवाजे पर लगाई गई।

दुर्ग में भी छत्तीसगढ़िया ऑलंपिक शुरू

विधायक और महापौर ने किया शुभारंभ, गेड़ी दौड़, कब्बड़ी और पिट्ठुल खेल खिलाड़ी

■ **बालिकाओं ने खेला कबड्डी,तो महिलाओं ने लगाई कुर्सी दौड़ लगाकर दिखया दम :जबरदस्त परफॉर्मेंस :**

दुर्ग/नवप्रदेश। 17 जुलाई।नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत राज्य शासन द्वारा छत्तीससगढ़ी ओलंपिक 2023-24 का आयोजन हरेली त्योहार के दिन से शुरू जिसका आज विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ किया।विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम ने खेल के लिए महिलाओं व बच्चों को पिट्ठूल खेलकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया गया। आज पुलगांव राम मंदिर के पास, राजीव नगर,शिक्षक नगर, ठेठवार पारा, सिकोला भाठा ,दीपक नगर के अलावा वार्डो के अन्य जगहों पर बालिकाओं ने खेला कबड्डी,तो महिलाओं ने लगाई कुर्सी दौड़, दिखया दमः जबरदस्त परफॉर्मेंस,बच्चो ने गेड़ी चलाई इसके अलावा जैसी खेल विधाएं में वार्डवार में सैकड़ो प्रतिभागी शामिल हुए। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में 16 प्रकार के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को भी तवज्जो देने और लोगों में खेल के प्रति जागरूकता लाने के लिए शुरू किए गए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन एवं शुरूआत आज राजीव युवा मितान क्लब स्तर से शुरू होगी।इसके बाद जोन स्तर, फिर विकासखंड, नगर स्तर, जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस प्रतियोगिता में युवा से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हो सकते हैं। यह प्रतियोगिता 17 जुलाई से प्रारंभ होकर 27 सितंबर 2023 तक होगी। पुरूषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्पर्धा के साथ ही टीम एवं एकल स्तर पर प्रतियोगिताएं होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में पारम्परिक खेल प्रतियोगिताएं दो श्रेणी में होंगी। इसमें दलीय श्रेणी गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद शामिल है।इस अवसर पर नोडल अधिकारी वकार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, नोडल अधिकारी जितेंद्र समैया,आरके पालिया, राजेन्द्र धबाले,विनोद मांझी के अलावा अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थे।प्रतियोगिता आयोजन भौंरा, बांटी, सहित 16 प्रकार के खेल को शामिल किया गया है। यह आयोजन राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से कराया जा रहा है। जिनमें शहर की महिलाओं व बच्चों ने भौरा, गेड़ी, बिल्लस, फुगड़ी, कबड्डी, रस्साकशी में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता,छह स्तरों में होंगे आयोजन, महिला व पुरुष के होंगे अलग वर्ग,बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बनेंगे छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के प्रतिभागी।

अपनी ऊर्जा का सही उपयोग करें भाजपाई : अरुण वोरा

■ **सही में विकास चाहते है तो कांग्रेस के साथ आएं**

दुर्ग /नवप्रदेश। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक व राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने भाजपाईयों को अपनी एनर्जी का सही उपयोग करने की सलाह दी है और चुटकी लेते हुए कहा है कि यदि सही मायने में शहर का विकास चाहते है तो हमारे साथ आए। चुनाव के समय धरना प्रदर्शन व आंदोलन करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। प्रदेश व शहर की जनता जागरुक व समझदार है। वह इस झांसे में आने वाली नहीं है। श्री वोरा ने भाजपा द्वारा आगामी 20 जुलाई को दुर्ग शहर में प्रस्तावित प्रदर्शन के विषय में कहा कि राज्य में 15 साल व दुर्ग निगम में 20 वर्ष तक शासन करने के बाद भी विकास की दिशा में कोई ऐसा उल्लेखनीय कार्य नहीं किया जिससे जनता को लाभ मिला हो। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य व शहर में विकास के नए आयाम स्थापित किए। पूरे प्रदेश को जनता को मुख्यमंत्री पर पूरा भरोसा है और दुर्ग शहर की जनता का कांग्रेस के प्रति एक मजबूत विश्वास बन गया है। राज्य के किसान गरीब युवा महिलाए व सर्वहारा वर्ग में खुशी की लहर है। श्री वोरा ने कहा कि साढ़े 4 वर्ष के कार्यकाल के समयावधि में भाजपा ने जनता के हित के लिए कोई काम नहीं किए। अब जब चुनाव सामने आ रहा है तो उन्हे विकास की चिंता होने लगी है। श्री वोरा ने कहा है कि भाजपाई सही मायने में यदि जनता का भला करना चाहते है तो विकास को आगे बढ़ाने के लिए हमारे साथ आए। धरना प्रदर्शन व आंदोलन करके समय खराब न करें। अपने शरीर की ऊर्जा का सही इस्तेमाल करें। श्री वोरा ने कहा कि राज्य व शहर में निरंतर विकास जारी है। बीते दिन साढ़े तीन करोड़ की लागत से शहर के आधा दर्जन से अधिक स्थानों में हमर क्लीनिक की शुरुवात की गई है। इससे शहर की जनता को चिकित्सा का सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा ने कभी भी इस तरह की महत्वाकांक्षी योजना पर काम नहीं किया।

दुर्ग ग्रामीण विधायक पर बीजेपी ने की आरोपों की बौछार

■ **विधानसभा स्तरीय आंदोलन में दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने भाजपा के नेतृत्व में जताया आक्रोश**

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर प्रदेशव्यापी विधानसभा स्तरीय आंदोलन में रविवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजनों के साथ मिलकर क्षेत्रीय विधायक ताम्रध्वज साहू के खिलाफ आरोपों की बौछार करते हुए उनके क्रियाकलापों को कटघरे में खड़ा किया। मंचीय कार्यक्रम के बाद क्षेत्रीय विधायक का पुतला दहन किया गया, पुतला दहन में पुलिस द्वारा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ झूमा झटकी किए जाने से आक्रोशित भाजपा नेताओं ने लंबे समय तक चक्का जाम किया। उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद भाजपा के नेताओं ने चक्का जाम समाप्त किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर लगे बैनर सबका ध्यानाकर्षण किया। मंच पर लगे बैनर में कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर एक तरफ अमिताभ बच्चन का कार्टून एवं दूसरी तरफ मंत्री ताम्रध्वज साहू का कार्टून बनाकर सवाल पूछते हुए दिखाया गया।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम अंडा में हुए इस आंदोलन में भाजपा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आम जनता शामिल हुई। आंदोलन के दौरान लगभग 2 घंटे तक लगातार अलग-अलग वक्ताओं ने कांग्रेस सरकार के मंत्री और स्थानीय विधायक ताम्रध्वज साहू की निष्क्रियता, भ्रष्टाचार और क्षेत्र की अनदेखी को लेकर हमला बोला। आंदोलन से पहले गठित विधानसभा स्तरीय आरोप पत्र समिति द्वारा स्थानीय कांग्रेस विधायक के खिलाफ तैयार आरोप पत्र को कार्यक्रम स्थल पर आम जनता के समक्ष रखा गया, आम जनता ने आरोपपत्र के बिंदुओं पर अपनी सहमति जताते हुए भाजपा के आरोपों का समर्थन किया।

बंसी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस सरकार भरोसे की बात करती है अगर भूपेश के भरोसे पर चलेंगे तो छत्तीसगढ़ बरसो पीछे चला जाएगा। भूपेश के भरोसे पर तो उनके दल के लोगों को ही विश्वास नहीं है। ढाई-ढाई साल का भरोसा देकर धोखा दिया। मंत्री टी एस सिंहदेव से पूछना चाहिए भरोसे का क्या हुआ? उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाना था तो 5 साल पहले ही बना देना था लेकिन भूपेश का भरोसा नहीं था इसीलिए जब चुनाव का समय नजदीक आया तो टीएस सिंहदेव को उपमुख्यमंत्री बनाया। ढाई-ढाई साल का भरोसा देने वाले राहुल गांधी को भी भूपेश बघेल ने धता बता दिया। भूपेश बघेल मंत्रिमंडल के सबसे ताकतवर मंत्री ताम्रध्वज साहू है, उनके पास सबसे ज्यादा विभाग हैं लेकिन उनके खुद के विधानसभा की स्थिति दयनीय बनी हुई है। कांग्रेस पर जनता का भरोसा तो कभी था ही नहीं इसीलिए 2018 में हाथ में गंगाजल लेकर घोषणा पत्र जारी किया। भारत के इतिहास में पहली बार किसी राजनीतिक दल को अपना भरोसा जताने के लिए हाथ में गंगाजल लेना पड़ा।

सीएम भूपेश बघेल की सोच पर करें अमल नहीं होगी दिक्कत

■ **सोलर ड्रायर मशीनों से विविध प्रकार की भाजी, टमाटर व अन्य चीजों का खोइला बनाने की जरूरत**

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्य में टमाटर का भाव 150 पार कर चुका है किसी समय 5 से 10 रुपया किलो बिकने वाला टमाटर आज 15 गुना रेट पर बिक रहा है। बाजार में अभी बिक रहा टमाटर दक्षिण भारत से आ रहा है। हर साल सावन के महीने में पूरे छत्तीसगढ़ में टमाटर की रेट बढ़ जाती है। छत्तीसगढ़ का वातावरण ऐसा है कि टमाटर की पैदावारी गर्मी में नही हो पाती। लोकल कोल्ड स्टोरेज वाले भी समय देख कर बढ़े दामों पर टमाटर बेचते है। यदि इसी टमाटर को ठंड के दिनों से सूखा लिया जाता तो गरीबो की थाली से टमाटर गायब नहीं हुआ रहता। लोगो को डेढ़ सौ रुपये में टमाटर नही खरीदना पड़ता। टमाटर 90 प्रतिशत पानी से बना होता है। ड्रायर मशीन से इसका खोइला बनाने पर उसमें शत-प्रतिशत न्यूट्रीन्स रहता है। छत्तीसगढ़ में इसका मास प्रोडक्शन कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। जिसे हम खोइला बनाना कहते हैं, उसमें गुजरात देश भर में प्रथम है। महाराष्ट्र का स्थान दूसरा है।

खोइला बनाने की मशीन कोई महंगी चीज नही है। सिर्फ डेढ़-दो लाख रुपये खर्च कर ड्रायर प्लांट लगाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 7 महीना पहले इस तरह की मंशा व्यक्त कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इस जरूरत को उसी समय भांप लिया था। अब इसे बड़े स्तर पर अमल में लाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गांव के गौठानों व स्व सहायता समूहों में सोलर ड्रायर मशीन लगाने का निर्णय लिया था। छत्तीसगढ़ के धमधा व पत्थलगांव इलाके में ठंड के दिनों में टमाटर की बंपर पैदावार होती है। सीजन में धमधा की टमाटर पुणे, मुम्बई राज्यों में बिकने जाती है। फिर उसी टमाटर से वे खोइला बनाकर मुनाफा कमाते है। जब दूसरे राज्य के लोग इससे लाभ उठाते हैं तो क्यों न छत्तीसगढ़ में भी बड़ी मात्रा में अपने उत्पादन का फायदा उठाएं।

राज्य में स्व सहायता समूह के जरिये काफी लोगो को रोजगार दिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने इन सोलर ड्रायर मशीनों से विविध प्रकार की भाजी, टमाटर व अन्य चीजों का खोइला बनाने की जरूरत पर बल दिया है।

जानकारों के मुताबिक खोइला इम्पोर्ट करने में चीन दुनिया मे नम्बर वन है। इस व्यवसाय में उसकी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक है। चाइना गल्फ कंट्री, यूरोप, मिडिल ईस्ट के देशों में अपना खोइला सप्लाई करता है। भारत मे भी सब्जियों का भरपूर उत्पादन होता है।

ठंड के दिनों में सही कीमत न मिलने पर टमाटर को सड़क पर फेंक देने वाले किसान यदि व्यवसाईक स्तर पर इसका खोइला बनाना जानता तो आज वह तो फायदा में रहा होता। आमजनों को भी मनमाने कीमत पर टमाटर खरीदने मजबूर न होना पड़ता। वही जिले के सभी ब्लाकों में सी मार्ट के माध्यम से आमजन को प्राप्त हो सकता है। वृहद रूप से सूखे सब्जियों के उत्पादन कर विदेशों में निर्यातकों के सूची में छत्तीसगढ़ राज्य अपना नाम अंकित कर सकता हैं।

क्या है सोलर ड्रायर

सोलर ड्रायर एक ऐसा यंत्र है जो फूल, फल और सब्जियों को विशेष तकनीक के माध्यम से सुखाता है. यह सौर ऊर्जा तकनीक पर काम करता है. सोलर ड्रायर फूड प्रोडक्ट्स को सोलर एनर्जी से नियंत्रित और अनुकूलित तापमान प्रदान करता है. इस तकनीक से सुखने पर प्रोडक्ट्स छह महीने से ज्यादा समय तक सुरक्षित रहते हैं. यह प्राकृतिक और सुरक्षित प्रोसेस है।

हरेली तिहार की धूम: बरसते पानी में गौठान में हुए पारंपरिक कार्यक्रम

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक धरोहर को सहेजकर रखने हेतु छत्तीसगढ़ संस्कृति में वर्ष का पहला त्योहार के रूप में हरेली का बेहद महत्व है।इस अवसर पर आज पुलगांव स्थित गोकुल नगर गौठान में आज बरसते पानी हरेली तिहार मनाया गया। विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,सभापति राजेश यादव ने कृषि औजारों एवं गौ वंश की पूजा-अर्चना कर,पशुधन को आटे की लोंदी खिलाई गई।यहां मौजूद लोग भौंरा,गेड़ी जैसे पारंपरिक खेलों का आनंद लेते रहे ।जनप्रतिनिधियों ने ठेठरी-खुरमी का लुत्फ भी उठाया।इस मौके पर गौठान और शीतला मंदिर के आस-पास में विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पौधे लगाए गए।

आलोक को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सिलचर देगा पीएचडी की उपाधि

कुम्हारी/नवप्रदेश। आलोक कुमार दुबे, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अनुसंधान विद्वान ने ÷पीवी ग्रिड- बंधे तीन- चरण तीन- तार प्रणाली में वर्तमान हार्मोनिक्स शमन और द्वीपीकरण कार्रवाई के लिए बहु क्रियाशील पावर कनवर्टर÷ शीर्षक से थीसिस प्रस्तुत की । उन्होंने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री के पुरस्कार के लिए सभी निर्धारित मानकों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया । संस्थान के विनियमों के अनुसार गठित रक्षा परीक्षा बोर्ड के समक्ष उपस्थित हुए । सीनेट की सिफारिश पर और इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एसआई, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अनुमोदन से अगले दीक्षांत समारोह में संस्थान द्वारा उन्हें डिग्री प्रदान की जाएगी । ज्ञातव्य हो आलोक दुबे के पिता प्रकाश नारायण दुबे स्टेट बैंक कुम्हारी के सेवानिवृत्त प्रबंधक रहे हैं एवं आई सी एफ ए आई के कुलपति एस पी दुबे के भतीजे हैं जो वर्तमान में बोरसी दुर्ग में निवासरत हैं ।

लायंस क्लब भिलाई की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

भिलाई/नवप्रदेश। लायंस इंटरनेशनल के बैनर तले लायंस क्लब भिलाई रॉयल के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 15 जुलाई शनिवार की शाम को होटल अमित पार्क सुपेला भिलाई में आयोजित हुआ।

इस दौरान मुख्य अतिथि एमजेएफ लॉयन जयप्रकाश अग्रवाल और प्रमुख वक्ता लायन प्रीतपाल सिंह बाली को साक्षी मानकर शपथ अधिकारी लायन रश्मि लखोटिया ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर क्लब के जनक और मार्गदर्शक एमजेएफ लायन अनिल अग्रवाल भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

लायंस क्लब भिलाई रॉयल के पूर्व अध्यक्ष आशीष जिंदल ने अध्यक्ष की पिन बदल कर एमजेएफ लायन अभिषेक अग्रवाल को क्लब की बागडोर सौपी। वहीं सचिव लायन मुकेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष लायन बिगुल अग्रवाल को भी दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष के पद पर लायन शांतिलाल शर्मा और नीतेश अग्रवाल का चयन किया गया । एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर का प्रभार एमजेएफ लायन ललित अग्रवाल ने संभाला तो प्रकाश डहाके एवं अजय पंडित ने क्लब के टेल ट्विटर और पीआरओ के पद की शपथ ली। क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन चंद्रेश शर्मा को क्लब मेंबरशिप चेयरपर्सन का दायित्व दिया गया।

नाम परिवर्तन

मैं होमा गुप्ता (HOMA GUPTA) आ. दिनेश प्रसाद गुप्ता (DINESH PRASAD GUPTA) उम्र-25 वर्ष, निवासी-12/12, राधिका नगर, कालीबाड़ी के पास, सुपेला, भिलाई, तह.व जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023 की निवासिनी हूँ। व मेरी जन्मतिथि 20/10/1998 है। मेरे जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाते, सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों, अतिरिक्त शैक्षणिक गतिविधियां एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों में प्राप्त प्रमाण पत्रों तथा शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम होमा गुप्ता (HOMA GUPTA) दर्ज है तथा मैं अब तक होमा गुप्ता नाम से जानी-पहचानी एवं पुकारी जाती रही हूं मैं धार्मिक (ज्योतिष) कारणों से अपना नाम होमा गुप्ता (HOMA GUPTA) के स्थान पर परिवर्तित कर हरलीन दीप (मुख्य नाम- हरलीन, उपनाम-दीप) (HARLEEN DEEP) (FIRST NAME-HARLEEN, LAST NAME-DEEP) करना चाहती हूँ। मेरे द्वारा नाम परिवर्तित को शासकीय गजट में प्रकाशन किये जाने बाबत् यह शपथ-पत्र सादर प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
होमा गुप्ता

नाम परिवर्तन

मैं देव कुमार बन्जारे आ. शंकर लाल बन्जारे उम्र 45 वर्ष, जाति- सतनामी, निवासी का. न - ओ 10, साई विला कालोनी, नजदीक सब्जी मंडी पानी टंकी भाठागांव जिला रायपुर (छ.ग.) का हूं, मै उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। मेरा पुत्र प्रतीक बन्जारे का जन्म दिनांक 14/03/2006 को हुआ है। जिसकी उम्र वर्तमान में 17 वर्ष है। इसलिए में पिता होने के कारण से शपथपत्र मेरे पुत्र प्रतीक बन्जारे को सरनेम एवं पिता का पुरा नाम जुड़वाने हेतु प्रस्तुत कर रहा मेरा पुत्र प्रतीक बन्जारे वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहा है. मेरे पुत्र प्रतीक बन्जारे के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वी की मार्कशीट, शैक्षणिक दस्तवेजी स्थानावरण प्रमाण पत्र में अतीक पटवा पिता युधिष्ठिर पटवा नाम लिखा हुआ है। मेरे पुत्र प्रतीक बन्जारे के कक्षा 9वी, 10वीं, 11वी की मार्कशीट, शैक्षणिक दस्तवेजी, स्थानांतरण प्रमाण पत्र में प्रतीक बन्जारे पिता का नाम देव कुमार बन्जारे दर्ज किया जावे। मेरा और रश्मि का विवाह दिनांक 15/05/2004 को हुआ था हम दोनो वैवाहिक संबंध से पुत्र प्रतीक बन्जारे का जन्म दिनांक 14/03/2006 को हुआ था हम दोनों के वैचारिक मतभेदों के कारण दिनांक 24/02/2014 को राजीनामा से न्यायालय से तलाक हो गया है। तलाक दिनांक 24/02/2014 से पुत्र प्रतीक बन्जारे अपनी मां रश्मि के साथ रहता था, तलाक होने के बाद रश्मि ने दूसरा विवाह कर लिया और गैर पुत्र प्रतीक के सरनेम को बन्जारे के जगह पटवा एवं पिता देव कुमार बन्जारे के जगह युधिष्ठिर पटवा का नाम शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज करवा दी है। रश्मि ने अप्रैल 2023 में पुत्र प्रतीक को अपने साथ नहीं रखने तथा जिम्मेदारी को नहीं निभा सकती कहकर पुत्र प्रतीक को मुझे हर हमेशा के लिए मुझे सौप दी है। वर्तमान में मैं अपने पुत्र प्रतीक को अपने साथ रखा हूँ। भविष्य में मैं अपने पुत्र प्रतीक बन्जारे के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो मार्कशीट स्थानांतरण प्रमाण पत्र में प्रतीक बन्जारे पिता का नाम देव कुमार बन्जारे का नाम दर्ज करवाना चाहता हूँ जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। अतः यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता मे गजट में प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समकक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता

न्यायालय विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश देवांगन पिता श्री मकसूदन, जाति कोष्टा, आयु 21 वर्ष निवासी ग्राम कुरदी, तह. अर्जुन्दा जिला-बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. गौरी साहू पिता श्री रामनिहोरा साहू, जाति तेली, आयु 18 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 08 बांसपारा, दुर्ग, थाना मोहन नगर दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 19.07.2023 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जायेगा।

आज दिनांक 03.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि - 19.07.2023

विशेष विवाह अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 03, एवं प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /ब-121/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पंचराम यादव पिता बाठुल यादव निवासी इंदिरापारा भिलाई 03, तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग द्वारा ग्राम भिलाई 03 प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. भिलाई 03 में स्थित भूखण्ड क्र. 600 रकबा (क्षेत्रफल) 35 वर्गमीटर भूमि को अपने पिता स्व. बाठुल पिता समारू राउत के मृत्यु दिनांक 05.07.2022 को होने के कारण प्राप्त राजीव गांधी आश्रय योजना पट्टा में पिता स्व. बाठुल पिता समारू राउत का नाम विलोपित कर वारिसानों का नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन पेश किया है। जो इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदित भूमि का पट्टा प्रदान किए जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो दिनांक 20/07/2023 तक मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 26/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई 03 एवं प्राधिकृत अधिकारी
न.पा.नि. भिलाई चरौदा

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. /अ6 अ/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री लालाराम पिता स्व. हीरालाल निवासी ग्राम वार्ड-40 गनियारी तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम गनियारी प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 166/1 रकबा 0.19 हे. भूमि पर आवेदक का ही कब्जा है व किसी प्रकार से बिक्री नहीं किया गया है। किंतु वर्तमान अभिलेख में मेघनाथ पिता हीरासिंग के नाम पर त्रुटिवश दर्ज हुआ है। जिसे सुधार करने हेतु आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, शपथ पत्र बी-1 खसरा पंचशाला की छायाप्रति संलग्न किया है।

अतएव इस संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो नियत पेशी दिनांक 27/07/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 10/7/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई 03, जिला दुर्ग

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
797/2, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR - 482001

DEMAND NOTICE

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/450/2017 | 05.07.2023

UCO BANK
VERSUS
SHIKHA JAGGI JAGGI

To
(CD1) **Shikha Jaggi Jaggi Pankaj**, HIG C-17, Shailendra Nagar, Raipur (C.G.)-492001, Raipur

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/111/2017** an amount of **Rs 2542947.77 (Rupees Twenty Five Lakhs Fourty Two Thousands Nine Hundred Fourty Seventy And Paise Seventy Seven Only)** along with pendentelite and future interest @ **12%** simple Interest Yealy w.e.f. **09/02/2017** till realization and costs of **Rs 28000 (Rupees Twenty Eight Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to-Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **29/08/2023** at **10:30** a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **05/07/2023**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

भूतेश्वर महादेव का दर्शन करने सोमवार को लगी भक्तों की भीड़

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। श्रावण मास भगवान शिव जी की आराधना के लिए बहुत ही पवित्र माना गया है। श्रावण के पूरे महीने शिवभक्त भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से भगवान शिव जी की पूजा-अर्चना करते हैं। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में स्थित स्वयंभू शिवलिंग भगवान भूतेश्वरनाथ महादेव एक अर्धनारीश्वर के रूप में विराजमान है। इस प्राकृतिक शिवलिंग की खासियत यह है कि इसका आकार प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। मान्यता है कि भगवान भूतेश्वरनाथ महादेव लोगों की मनोकामना पूरी करते हैं, इसी आस्था और विश्वास के चलते यहां श्रावण मास में दूर-दूर से शिवभक्त महादेव की दर्शन व आराधना करने पहुंचते हैं।

उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भगवान भूतेश्वरनाथ महादेव के दर्शन को शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी थी। सुबह से देर शाम तक शिवभक्तों की लंबी कतार भूतेश्वरनाथ धाम में लगी हुई थी। जहां शिवभक्त भूतेश्वरनाथ महादेव की पूजाङ्कअर्चना कर जलाभिषेक किया और अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। श्रावण के पूरे महीने में लोग धूमधाम से भगवान शिव को पूजते हैं। देशभर में 12 ज्योतिर्लिंग हैं, जिनके प्रति भगवान शिव के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। छत्तीसगढ़ में एक ऐसा शिवलिंग हैं जिसकी मान्यता ज्योतिर्लिंग की ही तरह है। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में मौजूद भूतेश्वर महादेव एक अर्धनारीश्वर प्राकृतिक शिवलिंग है, जो कि गरियाबंद के घने जंगलों में स्थित हैं।

भूतेश्वर नाथ महादेव का इतिहास

भूतेश्वर महादेव शिवलिंग स्वयं-भू शिवलिंग है, क्योंकि इस शिवलिंग की उत्पत्ति व स्थापना के विषय में आज तक कोई सटीक तर्क नहीं मिल सका है। परंतु जानकारों व पूर्वजों के अनुसार कहा जाता हैं, कि इस मंदिर की खोज लगभग 30 वर्ष पहले हुई थी। जब यहां चारों तरफ घने जंगल थे। इन घने जंगलों के बीच मौजूद एक छोटे से टीले से, आसपास के गांव वालों को किसी बैल के हुँकारने की आवाज़ सुने देती थी। परंतु जब ग्रामीण वासियों द्वारा जाकर देखा गया तो वहां न कोई बैल था और न कोई अन्य जानवर। ऐसी स्थिति को देख धीरे-धीरे ग्रामीण वासियों की आस्था उस टीले के प्रति बढ़ती गयी और उन्होंने उसे शिव का स्वरूप मानकर पूजा अर्चना आरंभ कर दिया। तभी से वह छोटा सा शिवलिंग बढ़ते बढ़ते विशालकाय शिवलिंग का रूप ले चुका है। अब इसे भक्तों की आस्था कहे या भगवान का चमत्कार, तब से लेकर अब तक शिवलिंग का बढ़ना जारी है।

हर वर्ष बढ़ रही है शिवलिंग

इस शिवलिंग कि खासियत कि बात करे तो यह हर वर्ष निरंतर बढ़ रही है जो अब काफी विशालकाय हो गई है, जो अपने आप में यह सिद्ध करता है कि भोले बाबा स्वयं लिंग रूप में इस पावन धरा पर विराजमान है। इस कारण यह करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र बना है। शिवलिंग की यह खासियत भक्तों के लिए तो चमत्कार है, लेकिन वैज्ञानिकों के लिए शोध का विषय है। इस प्राकृतिक शिवलिंग की ऊचांई लगभग 19 फीट व चौडाई (गोलाई) 20 फीट है। सरकारी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष इस शिवलिंग की जाँच की जाती हैं। उनके अनुसार शिवलिंग प्रतिवर्ष 6 से 7 इंच तक बढ़ रही हैं।

सबसे विशाल व प्राकृतिक शिवलिंग

पूरे विश्व में यदि कोई सबसे बड़ा शिवलिंग है तो वह भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के गरियाबंद जिले के मरौद ग्राम के भूतेश्वर नाथ शिव लिंग है। यह विश्व का सबसे विशाल व प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में जाना जाता है। यह जमीन से लगभाग 19 फिट उचा और 20 फिट गोलाकार में है। शिवलिंग के समीप के प्राकृतिक जलहरी भी है।

मंदिर का भूगोल

भूतेश्वर नाथ महादेव के पीछे भगवान शिव की प्रतिमा स्थित है, जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिक, नंदी जी के साथ विराजमान है। इस शिवलिंग में हल्की सी दरार भी है, इसलिए इसे अर्धनारीश्वर के रूप में पूजा जाता है। बाबा के समीप एक गुफा है जिसमें तपस्वी साधु कि चित्र अंकित किया गया है। यहां पर कभी कोई साधु ने भोले बाबा के लिए ताप किया था। मंदिर के समीप कई अन्य मंदिर बनी हुई है, जो उस स्थान को चार चांद लगा देता है।

रोटरी क्लब का 6वां शपथ ग्रहण समारोह प्रकाश बने अध्यक्ष और रौनक सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। रोटरी क्लब बिलासपुर युनाईटेड का 6वाँ शपथ ग्रहण समारोह विगत दिवस सम्पन्न हुआ जिसमें अरूण तिवारी चीफ एडमिनि. स्ट्रेटिव ऑफिसर साउथ ईर्स्टन रेलवे, मुख्य अतिथि, शपथ ग्रहण अधिकारी सीनियर रोटेरियन डॉ. देवेन्दर सिंग एवं विशिष्ट अतिथि असि. गवर्नर रोटेरियन शिल्पी चौधरी एवं वरिष्ठ चिकित्सक पी.डी.जी. डॉ. आर. ए. शर्मा उपस्थित थे। सत्र 2023-24 हेतु अध्यक्ष पद हेतु रोटे. प्रकाश महेश्वरी, सचिव पद हेतु रोटे. रौनक साव एवं कोषाध्यक्ष रोटे. सी.ए. रूपेन खण्डुजा को शपथ दिलाई गई एवं प्रकाश महेश्वरी द्वारा अपनी नवगठित टीम की घोषणा की गई जिसमें प्रमोद अग्रवाल को डायरेक्टर मैनेजमेंट, विनोद पाण्डेय को डायरेक्टर मीडिया एवं डॉ. किरन पाल सिंह चावला को डायरेक्टर पब्लिक रिलेशन मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2022-23 के अध्यक्ष रोटे पीयूष गुप्ता द्वारा वर्तमान अध्यक्ष को रोटरी क्लब की पिन एवं चार्टर देकर पद सौंपा एवं सचिव डॉ. किरन पाल सिंग चावला द्वारा अपना पद पिन एवं शॉल देकर सचिव रोटरीयन रौनक साव को दिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष पीयूष गुप्ता एवं पूर्व सचिव डॉ. किरनपाल सिंग चावला द्वारा युनाइटेड क्लब द्वारा विगत वर्षों में की गई सेवा गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा दिया गया। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के साथ आयोजित किये गये, कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर एवं फिल ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में प्रवीण झा द्वारा आयोजित किये गये निःशुल्क चिकित्सा शिविर जिसके प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर रो. मुकेश अग्रवाल थे को सभी ने सराहा। साथ ही वन रोटरी-वन बिलासपुर की भावना के साथ क्लब द्वारा मकर संक्रांति एवं योग दिवस का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट सेवा पुरस्कार भी दिये गये जिसमें अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के पदाधिकारी डॉ. विनय पाठक एवं मदन मोहन अग्रवाल फिल ग्रुप के चेयरमेन प्रवीण झा को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सभी आगंतुको को लक्ष्मी तरू का पौधा देकर वृक्षा रोपण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में रोटरी के अन्य क्लबों से आगे हुए रोटरीयन आशीष अग्रवाल, रो. पवन नालोटिया, रो. मनीष गुप्ता, रो. भासकर नायडु, रो. चंचल सलूजा, रो. आंचल अगीजा एवं रो. रिचा जैन। इस कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ रोटेरियन उपस्थित रहे- जिसमें प्रमुख रूप से रो. चरणजीत सिंग गंभीर, रो. विनोद मित्तल, रो. डॉ. सुनील गुप्ता, रो. डॉ. गौरव प्रजापति, डॉ. कृष्णा कुमार तिवारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

■ **विभिन्न विषयों पर चर्चा कर लिए गए आवश्यक निर्णय।**

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की जिला बैठक जिला मुख्यालय कवर्धा में संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व व प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि बैठक मे आगामी आंदोलन, शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा व निराकरण हेतु प्रयास करने, चारों ब्लॉक कार्यकारिणी का पुनर्गठन, संगठन विस्तार, पदोन्नति, क्रमोन्नति, वेतन विसंगति, मंहगाई भत्ता व विभिन्न लंबित एरियर्स राशि का भुगतान संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही इनके निराकरण हेतु प्रस्ताव पारित कर योजना बनाई गई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आज 18 जुलाई को आयोजित प्रांतीय धरना प्रदर्शन एवं 31 जुलाई से आयोजित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रणनीति बनाई गई।

श्री चंद्रवंशी ने बताया कि 19 जुलाई से 29 जुलाई तक संघ का प्रथम चरण का सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लेते हुए योजना बनाई गई। इस दौरान मुन्नवर बेग, संतोष शर्मा, विष्णु कौशिक, भानू राजपूत, मोहन राजपूत, रामकुमार वर्मा, राकेश जोशी, अमित मिश्रा, सुनील माग्रे, मन्नू चन्द्रसेन, राकेश सोनी, नरेंद्र चंद्रवंशी, देवानंद त्रिपाठी, यशवंत कौशिक, जगजीवन हठिले, देवेंद्र राजपूत, राजेश तिवारी, जयंत बैस, टिकेश्वर साहू, अशोक निषाद, चंद्रहास वर्मा, खिलेन्द्र साहू, टोमन भंडारी, मालती गर्ग, भाग्य लक्ष्मी वर्मा, कुलेश्वर कौशिक, विजय वाद्यकार सहित बड़ी संख्या में अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

इतना अच्छा व्यवहार कि पूरे थाना स्टाफ ने दी सिपाही को विदाई

भाटापारा/नवप्रदेश। सरकारी नौकरी में तबादला, स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है और ज्यादातर मामलों में वरिष्ठ अधिकारियों को ही बिदाई देने पूरा महकमा उपस्थित रहता है लेकिन पुलिस की नौकरी में एक सिपाही को बिदाई देकर बलौदा बाजार भाटापारा जिले के हथबंद थाने में पदस्थ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने उस लम्हे को यादगार बना दिया है,जिसकी पुरे पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

हथबंद थाना में पदस्थ सिपाही हरीश जगत का भाटापारा यातायात शाखा में स्थानांतरण होने पर थाना प्रांगण में उसकी बिदाई समारोह का आयोजन किया गया।सिपाही की बिदाई के लिए आयोजन संभवतः किसी ने देखा सुना नही होगा, क्योंकि अधिकतर सभी विभागों में वरिष्ठ अधिकारियों का ही बिदाई समारोह या कार्यक्रम होता है।सिपाही हरीश जगत लगभग 2 माह पूर्व ही हथबंद थाना में पदस्थ हुए थे और गत माह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले के थानों को हरा भरा करने वाले जिन 4 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया था उसमे सिपाही हरीश जगत भी शामिल थे जिन्हे जिले के पुलिस कप्तान दीपक कुमार झा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। गत दिवस जिले के पुलिस कर्मियों के तबादला सूची में सिपाही हरीश जगत को भाटापारा यातायात शाखा स्थानांतरित किया गया था,जिसके पालन में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने उक्त सिपाही को सम्मानित ढंग से भार मुक्त कर उन्हे नई पदस्थापना में जाने के लिए एक छोटा और गरिमामय बिदाई समारोह का आयोजन किया और सिपाही हरीश जगत को शाल श्रीफल दे कर बिदाई दी गई ।इस अवसर पर थाना स्टाफकी उपस्थिति में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने हरीश जगत के कार्यो और दी गई जवाबदारी का निर्वहन करने के लिए उसकी भूरी भूरी प्रसंशा की तथा उसके नए दायित्वों के लिए रवाना होने पर पूरे थाना स्टाफ की ओर से शुभकामनाएं दी।इस गरिमामय कार्यक्रम में थाना के समस्त स्टाफ उपस्थित थे और हर कोई इस बिदाई समारोह के आयोजन से खुश था की पुलिस की नौकरी में सबसे छोटे पद के कर्मी को तबादले पर जाने एक आयोजन कर बिदाई दी गई।

विदित हो की थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह का भी रायपुर जिला स्थानांतरण हो गया है और जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश मिलते ही वे भी अपने नए कार्य क्षेत्र रायपुर जिले के लिए रवाना हो जाएंगे। लेकिन उन्होंने अपने मातहत सिपाही को बिदाई कार्यक्रम से नए दायित्वों के लिए रवाना किया उसकी सब तरफभूरी भूरी प्रसंशा हो रही है।

वनमाली केंद्र की बैठक में कई विषयों पर विचार मंथन और काव्य पाठ हुआ

कवर्धा/नवप्रदेश। वनमाली सृजन केन्द्र और पाठक मंच की नगर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 16 जुलाई की शाम को एक विचार-कवि-गोष्ठी सर्किट हाउस के अशोक हॉल में संपन्न हुई। केन्द्र के अध्यक्ष नीरज मनजीत ने आगामी अगस्त माह में प्रति वर्ष भोपाल में आयोजित होने वाली वनमाली केन्द्रों के वार्षिक सम्मेलन की जानकारी दी। ज्ञात हो कि प्रख्यात कथाकार एवं शिक्षाविद स्व. जगन्नाथ प्रसाद चौबे 'वनमाली' की जयंती पर 1 व 2 अगस्त को रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के परिसर में कई भव्य साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी समारोह में पूरे भारत के 150 से अधिक सृजन केन्द्रों के पदाधिकारियों का वार्षिक सम्मेलन रखा जाता है। बैठक में तय किया गया कि बैगा आदिवासियों की संस्कृति व रीति रिवाज पर केंद्रित एक व्याख्यान कार्यक्रम शीघ्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें छात्र भी शामिल होंगे।

कृषि औजारों की पूजा कर मना हरेली पर्व

■ **जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने रस्साकसी में की जोर आजमाईश**

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की पहली त्योहार हरेली सोमवार को प्रकृति के प्रति आस्था व अच्छी फसल की कामना के साथ कृषि औजारों का पारंपरिक ढंग से पूजा कर जिले में उत्साह के साथ मनाया गया। छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व कसडोल विधायक शकुंतला साहू के मुख्य आतिथ्य में पलारी विकासखण्ड के ग्राम गिर्रा में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में पारम्परिक खेलों का महाकुंभ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक सीजन -2 का भी शुभारंभ किया गया जिसमे गेड़ी, फुगड़ी और रस्सा- कस्सी प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। इस अवसर पर स्कूली छात्र - छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व कसडोल विधायक शकुन्तला साहु ने हरेली त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, बोली एवं खेलों को संजोने का काम किया है। सरकार ने छत्तीसगढ़िया होने का अहसास कराया है। छत्तीसगढ़ में हरेली पहला त्यौहार है इसके बाद त्यौहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है। हरेली में गेड़ी, फुगड़ी, कबड्डी आदि पारंपरिक खेल होता था जो धीरे धीरे विलुप्त होते जा रहा था। इन खेलों को जीवंत बनाये रखने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर पिछले वर्ष से छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरुआत किया गया है जिसमे हर आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी उत्साह से भाग ले रहे है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अन्नदाताओं की खुशहाली के लिए सरकार बनने के बाद सबसे पहला काम किसानों का कर्ज माफी का किया और 2500 रुपया में धान खरीदने का काम किया। किसानों की मांग पर मुख्यमंत्री ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल प्रति एकड़ से बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ करने की घोषणा की है। महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण के लिए गोठानो में गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट निर्माण तथा रीपा के तहत उद्यम स्थापित करने की पहल की जा रही है। योजना का लाभ लेकर महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा ने भी संबोधित किया।

रस्सा-कशी में की जोर आजमाईश

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक सीजन 2 के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में हाथ आजमाए जिसमे संसदीय सचिव शकुंतला साहु, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित अन्य महिला जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी- कर्मचारी सम्मिलित हुए।

एसएसपी झा ने हथबंद थाना में किया वृक्षारोपण

भाटापारा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने हरेली त्योहार के दिन सोमवार को थाना हथबंद का आकस्मिक निरीक्षण किया।तेज बारिश के बीच पहुंचे श्री झा ने थाना परिसर का भी घूम घूम कर निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने थाना प्रांगण में नारियल और वट के दो अलग अलग पेड़ लगाया।

जिले में नवीन थाना हथबंद के शुभारंभ पश्चात निरीक्षक के रूप में पहली तैनाती प्रमोद कुमार सिंह की हुई है।जो अब तक थाना प्रभारी के रूप में वहा पदस्थ है।थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ होने के पश्चात टीआई प्रमोद सिंह के द्वारा ना केवल अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगा है बल्कि इनके द्वारा थाना परिसर में साफ सफाई, अतिक्रमण मुक्त एवं पूरा थाना परिसर को हरा-भरा करने में लगातार सक्रिय योगदान भी दिया है।इसके अलावा थाना क्षेत्र के लोगों का पुलिस पर विश्वास बढा है,अभी वर्तमान में टीआई प्रमोद सिंह का स्थानांतरण जिला रायपुर हो चुका है।

हरेली पर्व होने से उप पुलिस महानिरीक्षक एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने गिरते पानी हो रही बारिश के बीच थाना हथबंद पहुंचे।आकस्मिक पहुंचे श्री झा ने थाना के अंदर बाहर सब तरफ घूम घूम का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने वट तथा नारियल का एक-एक पौधा का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह के साथ ए एस आई जगदेव साहु सहित उनके थाने के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। श्री झा ने थाना प्रभारी प्रमोद कुमार के 2 माह के कार्यकाल में भीषण गर्मी में मेहनत एवं लगन से लगाए गए छायांदार एवं फलदार वृक्षारोपण के कार्यों की सराहना की।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम हाउस से लेकर...

कहा- बहुत सुंदर आप सभी ने यहां मंच सजाया है। हरेली तिहार हम सब उल्लास से मनाते हैं। यह त्योहार केवल गेड़ी चढ़ने का त्योहार नहीं है। किसान खुशहाल हो। हम यह सब कर रहे हैं। किसानों के दुख दर्द को हमने समझा। किसानों का रकबा बढ़ गया। अब 20 क्विंटल धान खरीदेंगे। यह उल्लास का वातावरण सभी जगह है। आदिवासी क्षेत्रों में भी उल्लास का माहौल है। गोधन न्याय योजना के माध्यम से अर्थव्यवस्था सुधर रही है। दूध उत्पादन बढ़ गया है। हरेली में जो नीम की डाली का उपयोग होता है। वह कीटनाशक है। यह बारिश में होने वाली बीमारियों से बचाता है।

उनका अहंकार है, टूट जाएगा : कांग्रेस के आरोपों पर मीडिया से चर्चा करते हुए अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता हमेशा से समृद्ध रही है। हमेशा से छत्तीसगढ़ लोक पर्व, लोक संस्कृति का ध्वजवाहक रहा है। छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है। कांग्रेस और सीएम कह रहे हैं बीजेपी ने इसके पहले 15 साल कुछ नहीं किया। इन आरोपों को लेकर साव ने कहा कि हरेली तिहार भूपेश बघेल के आने के बाद मनाया जा रहा है, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। मैंने कहा छत्तीसगढ़ संस्कृति और सभ्यता पूर्ण प्रदेश है। छत्तीसगढ़िया छत्तीसगढ़ के उत्सव को, तीज तिहार को बड़े ही उत्साह से मनाते हैं। भूपेश बघेल को भ्रम हो गया कि छत्तीसगढ़वासी उनके आने के बाद हरेली मना रहे हैं। यह उनका अहंकार है, जो अब आने वाले समय में टूट जाएगा।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत : छत्तीसगढ़ के पारंम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय और एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठुल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद और कुश्ती शामिल हैं।

विपक्षी एकता की बैठक...

दलों के आने की चर्चा थी। एनडीए की बैठक पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मुझे ताज्जुब है कि मोदी जी ने राज्यसभा में कहा था कि मैं सभी विपक्षियों पर अकेला भारी हूं। अगर वो सभी विपक्षियों पर अकेले भारी हैं तो वो कल एनडीए की मीटिंग में 30 पार्टियों को क्यों बुला रहे हैं। उन 30 पार्टियों का नाम तो बताएं। वे हमारी मीटिंग से घबरा गए हैं।

लड़ाई-झगड़े से ऊपर...

संविधान पीठ तय करेगा कि क्या केंद्र इस तरह संशोधन कर सकता है या नहीं? हालांकि इस मामले में अभी तक फैसला नहीं हुआ है। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। कोर्ट तब तय करेगा कि अध्यादेश का मामला संविधान पीठ को भेजा जाए या नहीं।

आज से 13 मंत्री 550...

के कार्यकाल में दूसरी बार यह प्रस्ताव लाया जा रहा है । हालांकि इसमें विपक्ष की हार तय है, फिर भी वह सरकार की खामियों और कथित घोटालों को सदन में सार्वजनिक करने का अवसर लेना चाह रहा है।

सेंसेक्स फिर नए...

अंक की तेजी लेकर 19,711.45 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.29 प्रतिशत चढ़कर 29,477.41 अंक और स्मॉलकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 33,986.98 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3856 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2072 में लिवाली जबकि 1602 में बिकवाली हुई वहीं 182 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियां हरे जबकि शेष 20 लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध मुनाफा में 30 प्रतिशत का इजाफा हुआ, जिससे बैंकिंग समूह के शेयरों में सबसे अधिक 1.45 प्रतिशत की तेजी रही। इसके साथ ही कमोडिटीज 0.72, ऊर्जा 0.62, वित्तीय सेवाएं 1.11, हेल्थकेयर 0.81, इंडस्ट्रियल्स 0.47, आईटी 0.26, कैपिटल गुड्स 0.19, धातु 0.17, तेल एवं गैस 0.38, पावर 0.28 और टेक समूह के शेयर 0.04 प्रतिशत चढ़ गए।

अरपा नदी में डूबने से ...

में खाई में पानी भर गया है। ऐसे में लोगों को गहराई का अंदाजा नहीं रहता है। कहा जा रहा है कि अवैध खुदाई की वजह से बच्चियों की जान गई है। नाराज लोगों ने बिलासपुर- कोरबा नेशनल हाईवे में सड़क जाम कर दिया है। स्थानीय लोग खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ ही अवैध उत्खनन के दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही पुलिस के साथ ही जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इस हादसे को लेकर दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं।

पवार से 24 घंटे में ...

कहा- मुझे सुप्रिया सुले का फोन आया था। उन्होंने मुझसे जल्दी वाईबी चह्वाण सेंटर पहुंचने को कहा था। मुझे नहीं पता कि अजित पवार और अन्य विधायक यहां क्यों आए थे। सूत्रों के मुताबिक, रविवार को अजित से मीटिंग के बाद शरद पवार ने उनके गुट के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि वो अपनी प्रगतिशील राजनीति जारी रखेंगे और कभी भी भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेंगे।

दो सटोरिए गिरफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अवैध शराब एवं जुआ सट्टा पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के दिशा निर्देशन में 15 जुलाई को ग्राम संडी में हीरो शो रूम के पास आरोपी मोहित भारती पिता धनीराम भारती उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी, राकेश कुमार पुरेना पिता पीलाराम पुरेना उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सेजा वार्ड क्र0 05 थाना खरोरा जिला रायपुर को अंको का रूपये पैसे का हार जीत का दाव लगाकर कर लोगो को सट्टा नामक जुआ खेलाते रंगे हाथ पकडा गया। आरोपियान के कब्जे से सट्टा पट्टी, कार्बन, स्केल कापी, डाट पेन, एक नग वीवो, एक नग रेडमी कंपनी मोबाईल तथा सट्टा का कुल नगदी रकम ?3480 रूपये जुमला कीमती 16,480रू. कब्जे से जप्त कर अपराध क्र. 323/2023 छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत कार्यवाही कर आरोपियान को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

संपूर्ण कार्यवाही में प्रभारी सउनि श्रवण कुमार नेताम, प्रधान आर. मो0 अरशद खान, आरक्षक कृष्ण कुमार राय, संतोष कोसले, सत्य प्रकाश खरे का विशेष योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

मितान बनकर हितग्राही के घर पहुंचे मंत्री डहरिया

■ गरियाबंद की नीरा बाई ध्रुव को प्रदान किया राशन कार्ड

■ मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत घर बैठे बन रहा जरूरी शासकीय दस्तावेज

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल मार्गदर्शन में प्रत्येक शासकीय कार्य सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा हैं। आमजन तक शासकीय योजनाओं को पहुँचाकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। राज्य के नागरिकों को बिना किसी परेशानी के सभी शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए, शासकीय सेवाओं को मितान के माध्यम से नागरिकों के घर तक पहुंचाने के लिए मितान योजना की शुरुआत की गई है।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर गरियाबंद पहुंचे नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने बरसते पानी में मितान बनकर गरियाबंद की नीरा बाई ध्रुव के घर जाकर उन्हें नया राशन कार्ड प्रदान किया। नीरा ध्रुव ने कहा कि हमें अच्छा लगा की मंत्री जी स्वयं हमारे घर पहुंचे और मुझे राशन कार्ड प्रदान किया। उन्होंने घर बैठे राशन कार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की इस योजना से अब घर बैठे मुझे नया राशन कार्ड मिल गया है। इसके लिए मुझे किसी कार्यालय में जाने की ज़रूरत भी नहीं पड़ी। उन्होंने इस पहल के लिए छत्तीसगढ़ शासन का धन्यवाद किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तार किया है। जिसमें मुख्यमंत्री मितान योजना का भी विस्तार नगर पालिकाओं में किया गया है। गरियाबंद नगर पालिका में भी अब मुख्यमंत्री मितान योजना का शुभारंभ हो गया है। नागरिकों द्वारा कॉल करके मितान योजना का लाभ लिया जा रहा है। आम नागरिकों की सुविधा में मितान के माध्यम से ज़रूरी दस्तावेज घर में पहुँचाकर दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ लेने नागरिकों को शासन द्वारा प्रदान किए गए टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करना है। जिसके बाद शासन द्वारा मितान के माध्यम से नागरिकों के घर पर दस्तावेज, प्रमाण पत्र, लाइसेंस बनवाने संबंधी सभी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

हरेली त्योहार की रही धूम

भाटापारा/नवप्रदेश। सावन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली सोमवार को पूरे अंचल में धूमधाम से मनाया गया। लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। किसानों ने अपने नांगर, कुदाल, फावड़ा, गैंती, सब्बल, हंसिया आदि कृषि यंत्रों तथा खेती किसानी में अहम योगदान देने वाले गोवंश की आराधना की। गांवों में खेलकूद के आयोजन हुए तो नगर में बच्चो ने गेड़ी चढ़ी। सावन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर हरेली त्यौहार मनाया जाता है। मानसूनी बारिश की फुहारें पड़ने के बाद जब धरती हरे भरे पेड़ पौधों और घास से अपना श्रृंगार कर हरियाली की चादर ओढ़ लेती है, तब हरेली का यह त्यौहार मनाया जाता है। ग्राम टेहका निवासी किसान मन्नूलाल यादव ने हरेली त्यौहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह हरियाली की देवी प्रकृति पूजा है इस दिन किसान कुल देवता, कृषि औजारों और पशु धन की पूजा -अर्चना कर गोधन के उत्तम स्वास्थ्य और रोग रहित अच्छी फसल की कामना करते हैं।

'गुरूकुल में वृक्षारोपण कर हरेली पर्व धूमधाम से मनाया'

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल में पावन पर्व हरेली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारीगण सम्माननीय अतिथिगण संस्था के प्रभारी प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएँ तथा अधिकांश संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर सम्माननीय अतिथियों के कर कमलों द्वारा माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर पूजन वंदना के साथ हुआ। समस्त सम्माननीय अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा शाला के छात्र-छात्राओं ने सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किये। शाला की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकदीर्घा की वाहवाही लूटी। शाला के प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह ने सभी का हार्दिक अभिवादन किया। समस्त अतिथियों ने वृक्षों के महत्व को बताते हुए हरेली त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। शाला के छात्र-छात्राओं ने हरेली त्यौहार व वृक्षारोपण पर भाषण प्रस्तुत किए। संस्था के प्रभारी प्राचार्य व प्रशासक द्वय के कर कमलों द्वारा सभी सम्माननीय अतिथियों को शाला का स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस हरेली पर्व के उपलक्ष्य में कवर्धा की हरितिमा संस्था एवं भारतीय जैन संघटना के तत्वाधान में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। शाला के सभी छात्र-छात्राओं ने लगभग 300 वृक्षारोपण किये। शाला के हिंदी विभाग प्रमुख आर.डी.राम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रदेश अध्यक्ष बैज को तरुण सिन्हा ने दी बधाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद का दायित्व संभालने के बाद युवा सांसद व नए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से कांग्रेस नेता तरुण सिन्हा ने भेंट की। उन्होंने इस मुलाकात में श्री बैज को गुलदस्ता भेंट करते हुए बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष ने शुभकामनाएं स्वीकार करते हुए मजबूती से सभी के साथ मिलकर दोबारा सरकार बनाने का संकल्प दोहराया।

नव प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज से मुलाकात में कांग्रेस नेता तरुण सिन्हा ने उन्हें खुज्जी विधानसभा आगमन के लिए नेवता भी दिया। सिन्हा ने कहा कि-हाईकमान ने युवा सांसद को प्रदेश में संगठन की कमान सौंपकर एक बड़ा निर्णय लिया है। इस फैसले से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और जोश बढ़ा है। आगामी चुनावों में कांग्रेस पूरी ताकत और आक्रमकता से प्रतिद्वंदियों को पीछे धकेल देगी।

सिन्हा ने कहा कि-2023 में विधानसभा और 2024 में लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के जनहितैषी निर्णयों के सामने कोई नहीं टिक सकता। तय है कि इस बार प्रदेश में कांग्रेस 75 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करके एक नया इतिहास लिखेगी।

वन विभाग ने हरेली पर्व पर कृष्ण कुंज में किया वृक्षारोपण

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की लोक पारंपरिक त्यौहार हरेली पर्व पर किसान अपनी खेती किसानी के कार्यों से निवृत्त होकर अपने औजारों की पूजा अर्चना करते हैं तो वही फसल अब बढ़ने को तैयार हो गया तो। हरेली पर्व पर गेडी चढने की भी परंपरा रही यह परंपरा विलुप्त होने के कगार पर रही। जिसे कांग्रेस माननीय भूपेश बघेल (छत्तीसगढ़ शासन) ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार को मान्यता देकर पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। और इस वर्ष फॉरेस्ट विभाग के द्वारा गेड़ी बिक्री किया गया जिसको खरीदने के लिए लोगों की मांग बढ़ी इस हरियाली पर्व पर फॉरेस्ट विभाग ने कृष्ण कुंज में कई प्रकार के फलदार वृक्षारोपण किया वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर - सुनीता जयसवाल, वनरक्षक अरविन्द कर्ष, अश्वनी हिरवानी, चंद्रविजय बघेल, धर्मेंद कर्स, सम्राट राठौर ,पत्रकार बसंत सोनी, शिव घाट पंचमुखी महादेव मंदिर के पुजारी जे डी वैष्णव और समस्त सुरक्षा श्रमिक उपस्थित थे।

कौशल दिवस पर रंगोली, मेहंदी व अंताक्षरी प्रतियोगिता संपन्न

राजिम/नवप्रदेश। कौशल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कौशल केंद्र राजिम में युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में रंगोली, मेंहदी, वाद विवाद एवं अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़, कबड्डी,खो खो की भी तैयारी थी लेकिन मौसम खराब होने की वजह से नहीं करा पाए। बालिकाओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर अपने कार्य कुशलता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेखा सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, प्रधानमंत्री कौशल केंद्र की संचालिका पल्लवी सिंग, कौशल केंद्र राजिम की अधीक्षक रौशनी गोस्वामी एवं ट्रेनर पायल दाढ़े, आभा गुप्ता, दीनानाथ साहू, गुलशन गोस्वामी, हर्ष लता सेन एवं कौशल केंद्र के सैकड़ों युवक युवतियां व महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

आज भाजपाई करेंगे जंगी प्रदर्शन घेरेंगे विधायक निवास

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के सिहावा विधानसभा के कार्यकर्ता दिनांक 18 जुलाई मंगलवार को बजरंग चौक नगरी में प्रमुख मांगों को लेकर जंगी आंदोलन करके विधायक निवास का घेराव करेंगे।

आंदोलन का विषय नहर नाली का विस्तार, किसानों को विद्युत कनेक्शन, कृषि महाविद्यालय की स्थापना, मगरलोड में 100 बिस्तर अस्पताल, कुकरेल बेलरगांव को कॉलेज का दर्जा, चिटफंड कंपनी की राशि वापसी, पिछले 4.5 साल का बेरोजगारी भत्ता, नशीली दवाई जुआ सट्टा बंद और अनेक प्रमुख मांगों को लेकर जंगी आंदोलन करेंगे। प्रमुख वक्ता पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक गणेश शंकर मिश्रा (पूर्व कलेक्टर), भाजपा संगठन जिला प्रभारी नीलू शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, राजा साहब कमलचंद्र भंजदेव होंगे।भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री. पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, कविंद्र जैन, कार्यक्रम संयोजक नागेंद्र शुक्ला सह संयोजक नरेश सिन्हा, विकल गुप्ता, मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, राजेंद्र गोलछा, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, अकबर कश्यप, विजय यदु, विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू ने विधानसभा के समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं आम जनता को इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किये हैं।

प्रोविडेंस हाई स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

नगरी/नवप्रदेश। प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल नगरी में नव प्रवेशी बच्चों एवं पलकों के साथ मिलकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया इस अवसर पर बच्चों को टीका लगाकर एवं कॉपी पेन भेंट कर स्वागत किया गया नन्हे-मुन्ने छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

बच्चों एवं पाल को को संबोधित करते हुए संस्था प्रमुख विकल गुप्ता ने अनुशासन में रहते हुए अपने कर्तव्यों एवं पढ़ाई के प्रति सजग रहकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करने का आह्वान किया मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती इस विषय पर सभी बच्चों एवं पाल को के बीच अपने विचार रखे।

इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य सुनीता कश्यप वनमाला साहू हेमराज हिरवानी मोहन संगीता साहू एस वर्मा था मेश्वरी साहू देवकी साहू सादिया बेगम अनीता कश्यप वैभव सोनी अंजू साहू कुमारी चित्ररेखा कुमारी मा ने श्वरी साहू भरत लाल यादव एवं पालक गण उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन हेमराज हिरवानी ने किया।

सावन में भक्तों ने बनाया पार्थिव शिवलिंग

खरोरा/नवप्रदेश। सावन महीने में शिवरात्रि के पावन तिथि पर पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करके लाखों श्रद्धालु विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपनी सारी समस्याओं को भगवान भोलेनाथ को सौंप देते है। पार्थिव शिवलिंग के पूजा अर्चना के बाद पूर्ण विधि-विधान से भोलेनाथ का शुद्ध जल में विसर्जन किया जाता है। तत्पश्चात जल को खेतों में, क्यारियों में, अच्छे उत्पादन के लिए डाला जाता है। श्रद्धालुओं द्वारा श्री शिवाय नमस्तुभ्यम के मंत्र जाप के माध्यम से पूजा अर्चना की जाती है जब से पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले द्वारा भोलेनाथ का कथा वाचन प्रारंभ हुआ है, तब से दिन प्रतिदिन महादेव के भक्तों का ताता लगने लगा है आज संपूर्ण भारतवर्ष में गलियों खोरों में महादेव के भक्तों की होड मची हुई है। आज संपूर्ण भारतवर्ष में महादेव के भक्ति में सराबोर हो चुके हैं। बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है।

याकूब भाई की स्मृति में बेटे ने लगाई बेंच

भाटापारा/नवप्रदेश। क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व याकूब भाई जलियांवाला की स्मृति में उनके पुत्र यासीन जलियांवाला ने एक बार अपने मरहूम पिता की याद में ग्राम पंचायत खोखली में सीमेंट निर्मित बेंच को आम लोगो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रदत्त किया।इसके पूर्व भी यासीन जलियांवाला ने पीने के ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर सार्वजनिक स्थान पर लगा चुके है। यासीन के द्वारा की मानवता की सेवा के लिए ग्राम खोखली के ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

सिरसिदा के कर्णेश्वर पारा में हुआ महानंदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सिरसिदा के कर्णेश्वर पारा में स्थित महानदी संगम स्थल में श्री महानंदेश्वर महादेव का भव्य रूप से प्राण प्रतिष्ठा किया गया। बता दें की एक दिन पूर्व शिवलिंग को अन्न से पूरा ढँका गया जिसके बाद अगले दिन कलश यात्रा निकाल कर शिवलिंग को मंत्रों के साथ हवन पूजन अभिषेक करते हुए स्थापित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता नागवंशी, सेवानिवृत सीमा सड़क संगठन अधिकारी उमाशंकर नागवंशी, जनपद सदस्य सुलोचना साहू, पूर्व सरपंच सौहद्रा नेताम, राकेश निर्मलकर, पंकज साहू, अक्षय नेताम, बलराम ध्रुव, कुमान ध्रुव, गजेंद्र तिवारी, मीना तिवारी, श्रवण मनिकपुरी, राकेश चौबे, दीपक निषाद, उपेश पाठक, लखन साहू, रूप सिंह निर्मलकर, चेतन मनिकपुरी, रुकमणी तिवारी, भूपेश साहू, महेश साहू व सिहावा शिवपुर देउरपारा सिरसिदा के ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किए।

लोहे का दरवाजा और पाइप चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों के विरुद्ध थाने में अपराध क्रमांक-153/2023 धारा-379, 454, 34, भा.द.वि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर भेजा गया सलाखों के भीतर

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के थाना सहसपुर लोहारा में प्रार्थी रमेश साहू पिता गोरेलाल साहू निवासी साहू पारा लोहारा द्वारा दिनांक-14/07/2023 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक-28/06/2023 को दोहपर 12/00 बजे फर्म हाउस से खाना खाने घर गया था। खाना खा कर वापस डॉ मिर्जा के फर्म हाउस वापस आ रहा था। कि देख लोहारा के कुछ लड़के चोरी के नियत से फर्म हाउस के समाने के लोहे के दरवाज के राड को किसी औजार से तोडकर फर्म हाउस के अन्दर प्रवेश कर सीमेन्ट रेत से बने दीवार मे लगे लोहे के पाईप को तोड़ रहे थे, व फर्म हाउस के पीछे के लोहे के दरवाजा को तोड दिये थे। कि रिपोर्ट पर थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 153/2023 धारा 379, 454, 34 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिए गया तथा मामले की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को थाना प्रभारी द्वारा दिया गया। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लोहारा श्री संजय ध्रुव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक श्री विकास बघेल के द्वारा थाना स्टाफस.उ.नि. आशीष सिंह, स.उ.नि. डोमन बंजारे, प्र.आर फ्लेन्द्र देशमुख, लक्ष्मी आनंत, आर. रवि जायसवाल, कीर्ति वर्मा, पुरूषोतम का टीम गठित कर आरोपियों के पता तलाश हेतु थाना क्षेत्र में रवाना किया गया था। दौरान पता तलाश विवेचना के आरोपी (1)योगेश यादव पिता प्रकाश यादव उम्र 19 वर्ष साकिन जमातपारा थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम, (2) राजा मानिकपुरी पिता खिलावन मानिकपुरी उम्र 20 वर्ष साकिन चाँदनी चौक थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम, (3) लखन स्वीपर पिता सुदर्शन स्वीपर उम्र 20 वर्ष साकिन नया बस स्टेशन थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम से पूछताछ करने पर चोरी के वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिनके विरुद्ध थाने में उचित वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत का जुडिसियल रिमांड पर भेजा गया है।

कोचियों से 50 पौवा देशी शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 14 जुलाई को थाना नांदघाट के ग्राम कुरा, एरमशाही, खैरा में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 3 प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपियों जोगेन्दर घृतलहरे पिता रूपचंद घृतलहरे उम्र 35 साल साकिन कुरा, युगल किशोर साहू पिता राजकुमार साहू उम्र 38 साल साकिन एरमशाही, डोमन निषाद पिता शिवकुमार निषाद उम्र 19 साल साकिन अकोली के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। अलग-अलग तीन प्रकरणों में कुल जुमला 50 पौवा देशी प्लेन/मसाला शराब कीमती 5050 रूपये, बिक्री रकम 2990 रूपये कुल जुमला 8040 रूपये जप्त कर कार्यवाही किया गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक जेपी सिदार, सउनि उदल टाण्डेकर, प्रधान आरक्षक आनंद कुर्रे, ललित केरकेट्टा, आरक्षक देवनारायण साहू, सुरेश सोनकर, सुरेश साहू, विरेन्द्र चंद्रवंशी एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

जुआरियों से 1620 नगदी और ताश पत्ती बरामद

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 13 जुलाई को चौकी खण्डसरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेमरिया हाई स्कूल भवन के पीछे लाईट के नीचे आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है की सूचना पर चौकी खण्डसरा पुलिस टीम पहुच कर सूचना के अधार पर रेड कार्यवाही में मौके पर 2 जुआड़ी पकडे गये। चौकी खण्डसरा में जुआ का 1 प्रकरण दर्ज कर 2 जुआडियों सुखदेव चंद्राकर पिता रामावतार उम्र 33 साल निवासी बंसापुर, अश्वनी कुमार साहू पिता मनोहर साहू उम्र 24 साल निवासी सेमरिया के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी 1620 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया तथा पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

खरोरा/नवप्रदेश। सड़क हादसे मे एक की मौत वही एक घायल को घटना स्थल पर पहुंच विधायक अनिता शर्मा ने घायल को ईलाज के लिए रायपुर भेजा।

रायपुर बलौदाबाजार मार्ग में गार्डन के पास बलौदाबाजार की तरफ जा रहे ट्रेलर क्रमांक सी जी 04एच एक्स 0711 मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04एच एल5290को टक्कर मार दी। हादसे में खरोरा के समीप ग्राम मांठ निवासी राजू मिश्रा व विशंभर वर्मा गंभीर रुप से घायल हो गए जिसे कार्यक्रम से लौट रही क्षेत्रीय विधायक अनिता शर्मा गाड़ी रोक कर दोनो घायलों को ईलाज के रायपुर भेजा जहां रायपुर ले जाते वक्त राजु मिश्रा उम्र 60 वर्ष की मौत हो गयी वही गंभीर रुप से घायल विशंभर वर्मा का ईलाज रायपुर में किया जा रहा है।

बीजापुर में भाजपा से तीन मजबूत दावेदार

संजय लिखितकर

बीजापुर/नवप्रदेश। चंद माह बाद विधानसभा के चुनाव में शेष है। भाजपा में टिकट के दावेदार तीन मुख्य रूप से सक्रिय हैं। तीनों टिकट पाने के लिए राज्य से लेकर दिल्ली तक संगठन के पदाधिकारियों से सतत् संपर्क बनाए हुए हैं। लेकिन जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म है। जितनी लोग उतनी बातें किन्तु जमीनी स्तर पर लगातार जन संपर्क और संवाद बनाए हुए पूर्व मंत्री को छोड़कर अगर पैराशूट से उतरे उम्मीदवार को मैदान में उतारा तो क्या कट्टर, खाटी एवं युवा नेता और टिकट की आस लगाए बैठे संगठन के पदाधिकारी पैराशूट उम्मीदवार को स्वीकार करेंगे?

लगभग 100 दिन बाद विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने वाली है। आचार संहिता लगने से पूर्व ही जिले के तीन दिग्गज दावेदार अपने अपने आकाओं के माध्यम से राज्य से लेकर दिल्ली तक संगठन में दावेदारी की मजबूती से रखवा रहें हैं। लेकिन टिकट सुंदरी किसको मिलेंगी? इसमें संदेह है। कथित तौर पर सूत्रों से पता चला है कि तीन नामों में जिनमें न्यायाधिकारी, डॉ.बी.आर. पुजारी और पूर्व मंत्री महेश गागड़ा है। जिले में दो प्रबल दावेदार न्यायाधिकारी और डॉ पुजारी में ही किसी एक को विधायक टिकट मिलेगा। ऐसा लोगों में चर्चा है।

प्रथम न्यायाधिकारी पढ़ाई के समय से ही पार्टी से जुड़ाव है। संघ पृष्ठभूमि से होने के कारण संघ के उच्च पदाधिकारियों से उनके व्यक्तिगत संबंध है। जो उनको टिकट दिलाने के लिए राज्य से लेकर दिल्ली तक प्रयासरत हैं। इनके परिवार में अधिकांश न्यायाधीश और उच्च पदों पर हैं। जिले के कई क्षेत्रों में इस परिवार का पारिवारिक और व्यक्तिगत संबंध है। जो अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दे सकते है। भोपालपटनम में चर्चा यह चल रहा है कि लगभग बीस साल से इस क्षेत्र को जिला पंचायत अध्यक्ष आदि से नजर अंदाज किया है लेकिन इस बार इस क्षेत्र के प्रत्याशी को टिकट दिया जाए।

दूसरा नाम डॉ पुजारी का नाम है जो जिले में परिचय के मोहताज नहीं है। उन्हें जिले की जनता भी व्यक्तिगत रूप से जानती है। उनका परिवार भी भाजपा पार्टी से जुड़ा है। उनके लिए भी कुछ संगठन के उच्च पदाधिकारी टिकट दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। डॉ पुजारी भी अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दे सकते है। लेकिन चर्चाओं का बाजार गर्म है कि गत विधानसभा में वे कांग्रेस से टिकट के लिए प्रयासरत थे फिर अब भाजपा के प्रति मोह क्यों?

तीसरा पूर्व मंत्री महेश गागड़ा है। वे लगातार दो बार जीते हैं। गत विधानसभा में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हारने के बाद वे अपने संगठन और जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार के साथ क्षेत्र में लगातार साढ़े चार वर्ष तक दौरे कर जनता और कार्यकर्ताओं से जीवंत संवाद और संपर्क बनाए रखा है। जनता की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे। कोरोना काल में और बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर जनता को आर्थिक और रोजमर्रा के उपयोग की सामग्री जनता को उपलब्ध कराया। अतिसंवेदनशील क्षेत्र में भी वे और अध्यक्ष लगातार जनता से संपर्क बनाए हुए हैं। ये भी अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दे सकते है।

टिकट के दौड़ में कई युवा भी है। जो वर्षों से पार्टी से जुड़े हैं और जनता से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। पार्टी के खांटी और युवा कार्यकर्ताओ में भी यह चर्चा चल रही है कि हमारे और संगठन के बीच में किसी को भी टिकट मिला तो हम तन मन से जीताने के लिए जी तोड मेहनत करेंगे। अगर पैराशूट से उतरे उम्मीदवार को टिकट दिया तो उसको जिताने के लिए जिम्मेदारी कौन लेगा? जो कार्यकर्ता मैदानी क्षेत्रों में जमीन स्तर पर मेहनत कर रहे हैं उनको छोड़ पैराशूट से उतरे उम्मीदवार को रेड कारपेट बिछाकर उनको टिकट देंगे तो उसका परिणाम गत विधानसभा के जैसा होगा।

आंदोलनरत संविदा कर्मियों को नियमित करें प्रदेश सरकार : चंद्रमौली मिश्रा

कांकेर /भानूप्रतापपूर /नवप्रदेश। शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र के माध्यम से यह घोषणा किया था कि प्रदेश में अगर कांग्रेस की सरकार आती है तो संविदा के रूप में कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा।आज प्रदेश में कांग्रेस को शासन करते हुए लगभग 5 वर्ष होने जा रहे हैं । किंतु आज दिनांक तक संविदा के कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया है ।जबकि कांग्रेस के घोषणा पत्र के अनुसार संविदा कर्मचारियों एवं उनके परिवारों ने अपने नियमितीकरण के आस में कांग्रेस को वोट दिया एवं अपने लोगों से वोट करवाया जिससे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बैठी। अब कांग्रेस को प्रदेश में शासन करते हुए इतने दिन बीत जाने के बाद भी संविदा कर्मियों का नियमितीकरण नहीं करना । संविदा कर्मियों के साथ छलावा है ।आज प्रदेश के संविदा कर्मचारी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं ।अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर यहां-वहां भटक रहे हैं। आंदोलन कर रहे हैं ।शिवसेना पार्टी प्रदेश के भूपेश बघेल सरकार से मांग करती है कि वह अपने वादा अनुसार प्रदेश के संविदा कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से नियमितीकरण करें।

बेटा, बहु और दामाद ने मिलकर की महिला की हत्या, गिरफ्तार

- **पखांजूर में मानवता को शर्मशार कर देने वाली घटना**
- **24 घंटे में पखांजूर पुलिस ने हत्या से उठाया पर्दा आरोपी पहुंचे सलाखों के पीछे**

कांकेर /पखांजूर/नवप्रदेश। पखांजूर क्षेत्र में 14 जुलाई की रात हुई हत्या का खुलासा पखांजूर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कर दिया है। एक दिन पहले पखांजूर थाना क्षेत्र के पीवी 67 निवासी रेखा मजूमदार की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। पति की रिपोर्ट पर पखांजूर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की और रविवार को हत्यारों के चेहरों से नकाब हटा दिया। हत्यारे कोई और नहीं उस महिला का सगा बेटा बहू और दामाद निकले, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

आरोपी दामाद से पूछताछ में यह बात सामने आई कि दामाद अनूप दास को शक था कि, उसकी पत्नी उसकी कमाई का पैसा सास रेखा मजूमदार को देती है. इससे वह नराज चल रहा था। वहीं रेखा का बेटा और बहू मां की टोका टाकी से परेशान थे। इसके कारण तीनों ने एकराय होकर मर्डर का प्लान किया। 14 जुलाई की रात बरामदे में बिस्तर लगाकर सोई रेखा मजूमदार को उनके ही बिस्तर में रखे टॉर्च से सिर, कान और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार किया. अचानक हुए हमले से रेखा मजूमदार बेहोश हो गई. फिर तीनों ने मिलकर रेखा मजूमदार की साड़ी के पल्लू ही से उनका गला घोट कर हत्या कर दी। शव, टॉर्च और चप्पल को छिपाने के लिए अपने घर की बॉडी में फेंक दिया।

एक दिन पूर्व हुए हत्याकांड में डॉग स्क्वाड और स्थानीय मुखबिर से मदद से आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्यशाला का आयोजन

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नारायणपुर में वार्षिक कार्ययोजन 2023-24 के तहत जिले के हाईस्कूल एवं हायरसेकण्डरी में कार्यरत स्थानीय अतिथि शिक्षकों का 13 से 15 जुलाई तक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में शिक्षकों के व्यवहार प्रबंधन एवं शिक्षण में शिक्षक की प्रभावी भुमिका, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा एफएलएन, ईसीसी, बहुभाषा से संबंधित विषयों पर प्राचार्य एवं आकादमिक सदस्यों के द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दी गई।

द्वितीय दिवस को विषय आधारित शिक्षण एवं क्रियात्मक अनुसंधान, विभिन्न एप्प का प्रयोग शिक्षण में कैसे करें तथा सिखने के प्रतिफल को समझकर पुस्तकों से प्रश्न एवं छात्रों तक कैसे पहुंच बनाया जा सकता है इसकी जानकारी दी गई। अंतिम दिवस को विभिन्न विषयों के अध्यापन कार्य हेतु टी.एल.एम. निर्माण शिक्षकों से कराया गया एवं विषयवार प्रस्तुतीकरण ग्रुप के माध्यम से शिक्षकों के व्दारा किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला स्थानीय शिक्षकों हाईस्कूल-हायरसेकेण्डरी ने उपस्थित होकर सीखने सिखाने के तौर तरीके विद्यार्थियों के अनुरूप अध्यापन कार्य तथा शाला में अनुशासित रहते हुए विद्यार्थियों के विषय आधारित ज्ञान एवं व्यवहारिक ज्ञान में समन्वय बनाकर अध्यापन कार्य कराने के बारे मे प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिक्षकों के उन्मुखीकरण कार्यशाला में संस्था के प्राचार्य जी.आर.मडावी, व्याख्याता सह आकदमिक सदस्य गिरीश कुमार भास्कर, मनोज रंगाठी, संजीव मंडल नारायण प्रसाद साहू, दिनेश कुमार चैहान एवं नमिता यादव व्याख्याता के द्वारा प्रशिक्षण में अपनी सहभागिता दी गई।

भ्रष्टाचार करने के लिए निकाली गई है निविदा : नरोत्तम

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर नगर पंचायत द्वारा राजा तालाब की गहरीकरण एवं विभिन्न कार्य तथा नगर पंचायत के एल्डरमैन पार्षद निधि एवं अध्यक्ष निधि से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए निविदा जारी की गई है। जिस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा भ्रष्टाचार करने के लिए यह निविदा निकाली गई है। उन्होंने बताया कि निविदाओं को छोटे अखबारों में जो न्यूनतम काफी आती है वहीं कई ऐसे अखबार हैं जो भानुप्रतापपुर में आती ही नहीं उन अखबारों में निविदा की प्रकाशन कराई गई है इसलिए कई ठेकेदारों को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। निविदा निकालकर अपने चहेते ठेकेदारों को काम देने का प्रयास जारी है या यूं कहें ठेकेदार के नाम पर जनप्रतिनिधि स्वयं काम करने के लिए यह निविदा निकाली गई होगी। श्री चौहान ने बताया हनुमान मंदिर के पास जो यात्री प्रतिक्षालय था वह बहुत अच्छा स्थिति में था रोड निर्माण कार्य के दौरान उसको नगर पंचायत को सुरक्षित निकालकर दूसरी जगह पर शिफ्ट करना था किंतु नगर पंचायत में भ्रष्टाचार करने के लिए नया टेंडर निकाली है। वहीं भानुप्रतापपुर में छोटे-मोटे आवश्यकता के लिए पैसे का रोना रोती है कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसा नहीं है

पर राजा तालाब के लिए अचानक ?490000 की धन वर्षा कहां से हो गई यह भी एक चिंता और सोचने जांच का विषय है, मैं सांसद प्रतिनिधि नरोत्तम सिंह चौहान शासन प्रशासन से इसके लिए संबंधित उच्च अधिकारी से जांच कराने की मांग करता हूं वा नगर पंचायत के इंजीनियर द्वारा एस्टीमेट बनाया गया है या नहीं, टेंडर निकालने से पहले ही तालाब की खोदाई कर दिया गया इसकी उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए।

श्री चौहान ने कहा भानूप्रतापपुर पहुंचे कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी ने भी इस कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की निविदा सर्वथा अनुचित है इस संबंध में उन्होंने नगरी निकाय के उच्च अधिकारी फकीर अय्याज तांबोली से फोन पर चर्चा की साथ ही जिला कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला से भी इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच करने के निर्देश दिए।सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि 49 लाख रुपए में नए तालाब का निर्माण आसानी से किया जा सकता है।

17 छात्राओं को संसदीय सचिव ने सौंपी सायकल की चाबी

- **सरस्वती सायकल व पालक-बालक सम्मेलन का आयोजन**

कांकेर/धनेलीकन्हार/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेलीकन्हार में 17 बालिकाओ को सरस्वती सायकल वितरण कर पालक बालक सम्मेलन का आयोजन अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। व्याख्याता ओमप्रकाश सेन ने बताया कि शासन की जन कल्याणकारी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेलीकन्हार की कक्षा 9वी के 17 बालिकाओं को कार्यक्रम के अतिथि शिशुपाल शोरी संसदीय सचिव एवं विधायक,कार्यक्रम अध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला उपाध्यक्ष जिला पंचायत, रोमनाथ जैन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ,वीरेंद्र मारगिया सरपंच धनेलीकन्हार,कमोद हिरवानी अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, प्राचार्य ममता गोस्वामी के गरिमामय उपस्थिति में सरस्वती साईकिल वितरण किया गया।

अतिथियों को मुख्य द्वार पर तिलक वंदन एवं आरती कर पुष्प वर्षा करते हुए मंचासीन किया गया । सरस्वती माता की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ बच्चों ने सरस्वती वंदना का मधुर वचन किया। स्वागत गीत के साथ बच्चों ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया। मुख्य अतिथि शिशुपाल शोरी में अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को सतत संघर्षशील बने रहना चाहिए अभाव के बीच रहकर भी अपने लक्ष्य के लिए जो सतत प्रयास करता है उसे सफलता अवश्य मिलती है। सभी बच्चे अपने जीवन को अच्छे मार्ग पर ले जाकर सच्चे नागरिक बन अपना, समाज, राज्य और देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम अध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने कहा कि बालिका हर क्षेत्र में अपना परचम लहराते हुए मान बढ़ा रही है। हमें सशक्त समाज का निर्माण करना है। बालिकाओं को सक्षम बनकर नव निर्माण में 100त्न भागीदारी निभाना है। बच्चे देश का भविष्य है सभी पालक बच्चों की अच्छी शिक्षा के प्रति अपना योगदान दें। अतिथि रोमनाथ जैन, सरपंच वीरेंद्र मारगिया ने भी अपने उद्बोधन में बच्चों को सफल नेतृत्व कर्ता के रूप में देश के विकासात्मक भूमिका में अपने आप को सशक्त बनाने प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य ममता गोस्वामी ने स्वागत उद्बोधन करते हुए अतिथियों का अभिनंदन कर विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया। कक्षा नौवीं के 17 बालिकाओं को अतिथि शिशुपाल शोरी ने बच्चों को साइकल वितरण कर बधाई दी । बच्चे सरस्वती सायकल प्राप्त कर प्रसन्न मुद्रा मे अपनी खुशी को प्रदर्शित कर रहे थे। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा विद्यालय परिसर में आम और नीम के पौधे रोपित किए गए तथा उत्कृष्ट बच्चे को नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में पालक बालक सम्मेलन में उपस्थित पालकों के साथ प्राचार्य एवं विषय शिक्षक विद्यालय गतिविधियों से अवगत कराते हुए बच्चों के नियमित उपस्थिति अनुशासन और पठन-पाठन संबंधी आवश्यक चर्चा विचार-विमर्श किया गया।

मेरिट सूची जारी

नारायणपुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत जनपद स्तर पर रिक्त तकनीकी सहायक 03 पद (अनारक्षित 02 एवं अजजा 01) की संविदा नियुक्ति हेतु 30 जून सायं 5 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। उक्त तिथि तक कार्यालय को प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण कर प्राथमिकता के आधार पर बी. ई. सिविल, बी.टेक सिविल अभ्यार्थियों का संशोधित मेरिट सूची का प्रकाशन वेब साईट www.cgstate.gov.in & www.narayanpur.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है।

विधायक चंदन कश्यप ने कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का किया अनावरण

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पहली तिहार हरेली के उपलक्ष्य में विधायक एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री चंदन कश्यप ने आज नारायणपरु कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाई जा रही है ताकि लोगों में

अपनी संस्कृति को लेकर चेतना जागृत की जा सके। विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है और बोरे-बासी को आज पूरा देश जानने लगा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्यामबती नेताम, सांसद प्रतिनिधि अजय देशमुख, जय वट्टी, बोधन देवांगन, रघु मानिकपुरी, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, जिला पंचायत सीईओ देवेश कुमार ध्रुव, जनपद सीईओ घनश्याम जांगड़े सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नारायणपुर में वार्षिक कार्ययोजन 2023-24 के तहत जिले के हाईस्कूल एवं हायरसेकण्डरी में कार्यरत स्थानीय अतिथि शिक्षकों का 13 से 15 जुलाई तक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में शिक्षकों के व्यवहार प्रबंधन एवं शिक्षण में शिक्षक की प्रभावी भुमिका, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा एफएलएन, ईसीसी, बहुभाषा से संबंधित विषयों पर प्राचार्य एवं आकादमिक सदस्यों के द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस को विषय आधारित शिक्षण एवं क्रियात्मक अनुसंधान, विभिन्न एप्प का प्रयोग शिक्षण में कैसे करें तथा सिखने के प्रतिफल को समझकर पुस्तकों से प्रश्न एवं छात्रों तक कैसे पहुंच बनाया जा सकता है इसकी जानकारी दी गई।

नीलामी प्रकरण को लेकर भाजपा पार्षदों ने की प्रेसवार्ता

- **भाजपा व कांग्रेस कभी एक नहीं हो सकती : निखिल राठौर**

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। दल्लीनाका स्थित भूमि नीलाम प्रक्रिया को लेकर नगर पंचायत के भाजपा पार्षदों ने रविवार को प्रेसवार्ता के माध्यम से अपनी बात रखी। पत्रकारों से रूबरू होते हुए भाजपा पार्षद निखिल सिंह राठौर, कमलेश गावड़े,चंद्र कुमार कटझरे, मनीष साहू,राजिंदर रंधावा, मनीषा सचदेव,एवं मिलन साहू ने अपनी बात रखी।

इस दौरान निखिल सिंह राठौर ने कहा कि हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि है। सदैव ही नगर व नगरवासियों के विकास एवं नगर पंचायत के आर्थिक सुदृढ़ता बढ़ाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है,जनता के आभारी है। मैं आप सभी मीडिया के माध्यम से बताना चाहता हूँ कि जमीन नीलाम में बेवजह हमे बदनाम किया जा रहा है कि भाजपा एवं कांग्रेस दोनों दल मिलकर मलाई खा रहे है यह सरासर गलत है। आरोप प्रत्यारोप करते हुए अन्य राजनीतिक पार्टी के द्वारा बदनाम कर अपनी रोटी सेकने में लगे है। मैं बताना चाहूंगा कि भाजपा हमेशा विकास को प्राथमिकता दे रही है। जबकि कांग्रेस हर मुद्दों पर विरोध करती हुई आ रही है।

भाजपा एवं कांग्रेस की विचारधारा कभी भी एक नही हो सकती है।

उन्होंने कहा कि जमीन की बिक्री नही की गई है बल्कि 19 की धारा 109 के तहत 10 वर्ष के लिए लीज पर दी गई है। साढ़े तीन वर्ष पूर्व ही राजस्व विभाग के द्वारा इस जमीन का पट्टा नगर पंचायत को प्राप्त हो चुका है। कुल 60 डिसमिल भूमि में 15 डिसमिल पर ब्राम्हण एवं आदिवासी समाज को दिया जा चुका है। शेष 45 डिसमिल भूमि को लीज पर दिया गया है। व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाने के लिए ढाई करोड़ राशि की आवश्यकता है। जबकि व्यवसायिक काम्प्लेक्स के लिए कांग्रेस सरकार के पास राशि आबंटित नही होती।

नगर पंचायत द्वारा आबंटित राशियों में भी कांग्रेसियों के द्वारा दुआभेदी किया जाता है। कांग्रेस के वार्ड में 65 तो भाजपा के वार्ड में मात्र 35 प्रतिशत राशि का आबंटन किया जाता है।

कांकेर जिला राइस मिल संघ के सर्वेश पुनः अध्यक्ष नियुक्त

कांकेर/नवप्रदेश। 16 जुलाई को कांकेर जिला राइस मिल एसोसिएशन की बैठक प्रदेश महासंघ कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के उपस्थिति में दुधावा रेस्ट हाउस में संपन्न हुई।जिसमें सर्वसमति से पुनः सर्वेश सिंह चौहान को कांकेर जिले का राइस मिल एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांकेर जिले के राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व में भी सर्वेश सिंह चौहान अध्यक्ष की कमान संभाल चुके हैं। यही नहीं श्री चौहान कांकेर जिले के राइस मिल के कई वर्षो से अध्यक्ष का कार्य संभाल रहे थे। इनका

विगत सालो से कार्यकाल काफी सरहानीय रहा है। नवीन एसोसिएशन की कार्यकारिणी में राजू राठी कोरर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है वहीं उपाध्यक्ष शरीफ मेमन प्रताप साहू हनीफमेमन प्रदीप राखेचा गोपाल राठी, भोलू किरी को बनाया गया है।वही सचिव प्रमोद चोपड़ा सहसचिव सैयद महफूज अली संरक्षक सुरेश कटारिया हाजी यूसुफ हाजी गुलाम मुस्तुफा को बनाया गया है।

वरुण धवन की फिल्म बवाल का नया गाना दिल से दिल तक जारी

फिल्म बवाल पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में है। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी पहली बार दर्शकों के सामने आ रही है। जहां कुछ दिन पहले निर्माताओं ने बवाल का पहला गाना तुम्हें कितना प्यार करते जारी किया था, वहीं अब फिल्म का दूसरा गाना दिल से दिल तक सामने आ चुका है। इस गाने को लक्ष्य कपूर, आकाशदीप सेनगुप्ता और सुवर्णा तिवारी ने अपनी आवाज दी है।

जाह्नवी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर दिल से दिल तक गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, छलक गए नैना, तूने मन भर दिया। मेरे खाली से दिल को यूं, तूने घर कर दिया। नितेश तिवारी ने बवाल के निर्देशन की कमान संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। बवाल अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसका प्रीमियर 21 जुलाई को किया जाएगा। बवाल एफिल टावर पर दिखाई जाने वाली पहली भारतीय फिल्म बनने वाली है।

इस फिल्म के जरिए वरुण धवन और जाह्नवी कपूर पहली बार स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं. फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में वरुण धवन ने बताया कि, इस फिल्म का किरदार उनका अभी तक का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदान है. जिसके बाहर और अंदर दोनों तरफ बवाल मचा होता है. साथ ही ये भी कहा कि ये रोल हमेशा उनके दिल के करीब रहेगा. वहीं ट्रेलर के बाद अब फैंस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. मालूम हो कि जाह्नवी कपूर इसके बाद 'मिस्टर एंड मिसेज माही', 'देवारा', 'बड़े मियां छोटे मियां' जैसी फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं।

जेनेलिया डिसूजा की ट्रायल पीरियड का नया गाना गोले माले जारी

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ट्रायल पीरियड को लेकर चर्चा में हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना गोले माले जारी कर दिया है, जिसे श्रेया घोषाल, देव नेगी और कौशिक-गुड्डू ने मिलकर गाया है। ट्रायल पीरियड में जेनेलिया की जोड़ी पहली बार मानव कौल के साथ बनी है। इसका प्रीमियर 21 जुलाई से जियो सिनेमा पर किया जाएगा।

जियो सिनेमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर ट्रायल पीरियड का नया गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस गाने को हम अपने दिमाग से नहीं निकाल सकते। ट्रायल पीरियड में शक्ति कपूर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसका निर्देशन आलिया सेन ने किया है, जबकि यह फिल्म हेमंत भंडारी, अमित रविंदरनाथ शर्मा, अलेया सेन और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। गौरतलब है कि जेनेलिया को पिछली बार मराठी फिल्म वेड में देखा गया था।

सनी लियोनी नए फिल्म प्रोजेक्ट के लिए तैयार

इन दिनों बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी बैक-टू-बैक फिल्मों में व्यस्त हैं। सनी अब अपने अगले प्रोजेक्ट की ओर बढ़ चुकी हैं, जिसकी झलक उन्होंने शनिवार को अपने सोशल मीडिया पर दिखाई है। जिससे उनके फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई।

सनी लियोनी ने इंस्टाग्राम पर अगले प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट को पढ़ते हुए अपनी एक फोटो शेयर की है। जिसमें वह काले और सफेद धारीदार टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं। सनी ने फोटो के कैप्शन में लिखा, दैट इज वन ह्यूज स्क्रिप्ट.. गोइंग टू बी ग्रेट..।

सनी के पोस्ट को दो लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। सनी को फिल्म 'कैनेडी' में उनकी परफॉरमेंस के लिए काफी सराहना मिल रही है। यही नहीं कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्लोबल ऑडियंस ने फिल्म के सम्मान में सात मिनट का लंबा स्टैंडिंग ओवेशन भी दिया।

'कैनेडी' के अलावा, एक्ट्रेस के पास कई प्रोजेक्ट लाइन में हैं, जो इस साल के अंत तक रिलीज़ होंगे।

कोहरा के कारण पंजाबी कल्चर के करीब आई

हरलीन सेठी एक्ट्रेस हरलीन सेठी अपने स्ट्रीमिंग शो कोहरा की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। नेटफ्लिक्स शो के लिए उन्हें साइन किया गया, और इसकी एक दिल को छू लेने वाली कहानी है। उन्होंने खुलासा किया कि कैसे कोहरा में उनका किरदार निमरत उन्हीं का एक हिस्सा है। हरलीन ने एक छोटा सा वीडियो साझा किया और इसके साथ एक इमोशनल नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, निमरत मेरा ही हिस्सा है। मैं एक बच्चे की तरह हमेशा से पंजाबी कल्चर से दूर भागती रही। मैं इसी शहर में पैदा हई और पला-बढ़ी, जिसे काफी कूल माना जाता है, लेकिन कोहरा मिलने के बाद मेरी जिदंगी को एक नई दिशा मिली। हरलीन ने आगे कहा, फिल्मांकन शुरू करने से पहले, एक वर्कशॉप के बाद मैंने सुदीप सर से पूछा कि क्या मैं अपने हाथ पर गुरुमुखी में निर्भाऊ निरवैर लिखवा सकती हूं। अब मैं कुछ ऐसा चाहती थी, जो मेरे साथ मेरे मरते दम तक रहे। आज मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं कौन हूं और कहां से आयी हूं।

पारंपरिक साड़ी में बेहद खूबसूरत दिखी मृणाल

एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर की अपकमिंग तेलुगु फिल्म नानी-30 का पहला लुक सोमवार को जारी किया गया, जिसमें वह पारंपरिक दक्षिण भारतीय साड़ी में खूबसूरत लग रही हैं। मृणाल द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस पारंपरिक पर्पल कलर की साड़ी में दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस शांत समुद्र तट पर अपनी खिलखिलाती हंसी के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। मृणाल के फर्स्ट लुक ने फैंस के दिलों में नानी-30 के लिए और उत्सुकता भर दी है। एक्ट्रेस, जिन्हें वर्तमान में उनकी स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी लस्ट स्टोरीज 2 के लिए काफी पॉजिटिव रिएक्शन मिल रहे है, ने पहले दुलकर सलमान के साथ थियेट्रिकल फिल्म सीता रामम के साथ तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत की थी। उनके पास विजय देवराकोंडा के साथ भी एक प्रोजेक्ट है। इस बीच मृणाल की तीसरी तेलुगु फिल्म, जो फिलहाल अनटाइटल है और जिसकी जल्द ही शूटिंग शुरू होगी, का हाल ही में मुहूर्त हुआ, जहां एक्ट्रेस को विजय देवराकोंडा के साथ देखा गया। फिल्म के टाइटल और स्टोरी के संबंध में अधिक जानकारी फिलहाल गोपनीय है और जल्द ही इसे सामने लाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन परसुराम पेटला द्वारा और इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स द्वारा किया जा रहा है।

कामधेनु सरिया ने बनाई स्टील सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी की रणनीति

रायपुर। भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ में स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मज़बूत करने के लिए अपनी व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी अगले एक वर्ष में राज्य में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की उत्पादन क्षमता को 1.20 लाख मीट्रिक टन से 1.68 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है। इसके अलावा, कंपनी राज्य में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है और अगले एक वर्ष में 180 और डीलर और वितरक जोड़ने की योजना है। वर्तमान में, कंपनी के पास राज्य में संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट के लिए लगभग 220 डीलर और वितरकों का नेटवर्क है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के नेतृत्व में 9 बैंकों का बाजार पूंजीकरण 10% बढ़ा

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के आंकड़ों और विश्लेषण के अनुसार, दूसरी तिमाही में देश के 20 सबसे बड़े बैंकों में से 18 के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि देखी गई, जो बैंकिंग क्षेत्र की मजबूत रिकवरी के बीच उनके शेयरों में तेजी से बढ़ी है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नेतृत्व में नौ बैंकों के बाजार पूंजीकरण की वृद्धि दर दहाई अंकों में रही है। तिमाही के दौरान आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का बाजार पूंजीकरण 44.53त्न बढ़कर 6.41 अरब डॉलर हो गया और वह ऋणदाताओं की रैंकिंग में 14वें से 11वें स्थान पर पहुंच गया। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा और विश्लेषण के अनुसार, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड 23 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7.25 अरब डॉलर तक तीन पायदान ऊपर चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गया।बड़े भारतीय बैंकों ने दूसरी तिमाही में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। गत 1 जुलाई को हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ विलय के बाद एचडीएफसी बैंक लिमिटेड 115.93 अरब डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ पहले स्थान पर कायम रहा।आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के आंकड़ों से पता चलता है कि इंडसइंड बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा नंबर 6 और नंबर 7 पर आ गए हैं। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का बाजार पूंजीकरण 20.54 प्रतिशत बढ़ा है।

टीम एशियाई खेलों के लिए दुरुस्त करेगी तैयारी

लिम्बर्ग । भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी दौरे पर रविवार को चीन के खिलाफ अपने पहले मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश एशियाई खेलों के लिए अपनी खामियों को दूर कर तैयारियों को अमली जामा पहनाने की होगी। भारतीय टीम इस दौरे में तीन मैच खेलेगी। चीन के बाद यह टीम जर्मनी के खिलाफ 18 और 19 जुलाई को क्रमशः विस्बाडेन और रसेलहेम में दो मैच खेलेगी।

यह दौरा भारतीय महिला खिलाड़ियों के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इससे उन्हें 23 सितंबर स आठ अक्टूबर तक चीन के हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों से पहले खुद को आंकने का मौका मिलेगा। गोलकीपर सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम को दौरे के पहले मैच में चीन को परखने का मौका मिलेगा। चीन की टीम एशियाई खेलों में अपनी घरेलू सरजमीं का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। सविता ने कहा, यह दौरा भारतीय महिलाओं के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांग्झोउ में होने वाले महाद्वीपीय खेलों से पहले अपना आकलन कर पायेंगी। इससे हमें सुधार की जरूरत है के बारे में पता चलेगा।इस मुकाबले से पहले अगर रैंकिंग को देखें तो आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 11वें स्थान की चीन की टीम पर जीत की दावेदार होगी।

विंबलडन चैंपियन अल्कराज

लंदन। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज शुक्रवार को ओपन युग (1968 से) में चौथे सबसे कम उम्र के विंबलडन पुरुष एकल फाइनलिस्ट बन गए। अल्कराज ने डेनियल मेदवेदेव को 6-3, 6-3, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला 1 घन्टे और 49 मिनट तक चला। खिताबी मुकाबले में अल्कराज का सामना नोवाक जोकोविच से होगा। यह खिताबी मुकाबला तय करेगा कि कौन सा खिलाड़ी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर होगा। फाइनल में पहुंचने के बाद अल्कराज ने कहा, यह मेरे लिए एक सपना था, यहां सेमीफाइनल खेलना और अब यहां विंबलडन में फाइनल खेलना, मुझे इस पर विश्वास नहीं हो रहा है। मैं इस अद्भुत क्षण का आनंद लेने जा रहा हूं। उन्होंने कहा, मैच को ख़त्म करना वाकई बहुत मुश्किल था। मुझे वास्तव में केंद्रित होना था। मेदवेदेव ने आखिरी गेंद तक संघर्ष किया. वह एक अद्भुत खिलाड़ी हैं। मुझे उस कठिन क्षण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था और आक्रामक तरीके से खेलना था और मुझे लगता है कि यही मैच को ख़त्म करने की कुंजी थी। सीज़न की अपनी 46वीं टूर-स्तरीय जीत के साथ, अल्कराज ने इस साल टूर पर सबसे अधिक मैच जीतने के मामले में मेदवेदेव की बराबरी कर ली है। 2022 यूएस ओपन चैंपियन जब फाइनल में सात बार के विंबलडन टाइटलिस्ट जोकोविच से भिड़ेंगे तो उनका लक्ष्य तीसरी सीड से आगे निकलने का होगा। जोकोविच का सामना करने के बारे में पूछे जाने पर अल्कराज ने कहा, यह अविश्वसनीय रूप से कठिन होने वाला है लेकिन मैं लड़ूंगा। मुझे खुद पर विश्वास है और मुझे विश्वास है कि मैं उसे यहां हरा सकता हूं। वह 2013 के बाद से इस कोर्ट पर नहीं हारा है, इसलिए यह मेरे लिए वास्तव में एक कठिन चुनौती होने वाली है। जब से मैंने खेलना शुरू किया है तब से मैंने यहां फाइनल खेलने का सपना देखा है और नोवाक के खिलाफ खेलना और भी खास है।

रिमझिम फुहारों के बीच उत्साहपूर्वक मना हरेली तिहार

■ **छत्तीसगढ़ संस्कृति की बिखरी छटा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य की पहली तिहार हरेली आज जिले भर में उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। जिला स्तरीय हरेली तिहार स्थानीय वन विभाग के ऑक्शन हॉल में आयोजित किया गया। हरेली तिहार के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन विकास तथा श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने इस अवसर पर अंचल के लोगों और आम नागरिकों को बधाई दी। इस अवसर कलेक्टर आकाश छिकारा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित कांबले, डीएफओ मणिवासगन एस, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर अतिथियों ने गेड़ी चढ़कर और बच्चों ने बिल्लस और फुगड़ी खेलकर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज़ किया गया।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन विकास तथा श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ तिज-तिहार, संस्कृति एवं परम्पराओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। किसानों का यह सबसे बड़ा तिहार है। किसान कृषि औजारों और जमीन की पूजा कर अच्छी बारिश और फसल की कामना करते हैं। इस दिन किसानों के घरों में विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, चीला, अरसा जैसे अन्य पकवान बनाये जाते है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के इस सोच के कारण छत्तीसगढ़ की परम्परागत खेल, प्राचीन संस्कृति और लोक पर्व जीवित हो उठा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत नागरिकों को आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, 0-5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित अन्य घर पहुंच सेवाएं दी जा रही हैं।

मंत्री डहरिया ने हितग्राहियों को चेक एवं सामग्री वितरण किया

इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ डहरिया ने हितग्राहियों को चेक एवं सामग्री वितरण किये। जिसमें नगरीय निकाय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत दो-दो हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, राशन कार्ड एवं शहरी आजीविका मिशन के तहत हितग्राहियों को चेक, राजस्व विभाग द्वारा दो-दो हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, वन अधिकार पट्टा एवं बी-वन खसरा, इसी प्रकार शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली छात्रों को जाति प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण यंत्र, कौशल विकास द्वारा बेरोजगारी भत्ता का चेक, कृषि विभाग द्वारा किसानों को उड़द बीज एवं पंचायत विभाग द्वारा उन्नती संकुल संगठन कोचवाय को 23 लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जनपद पंचायत गरियाबंद की अध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, जनपद पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष प्रवीण यादव एवं नगर पालिका परिषद गरियाबंद के पार्षदगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, आसपास के ग्रामीण, राजीव युवा मितान के सदस्य, स्कूली विद्यार्थी और शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सहित मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़िया ऑलंपिक का नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने किया शुभारंभ

कवर्धा/नवप्रदेश। सरदार पटेल मैदान में आज राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर 'छत्तीसगढ़िया ओलंपिक''का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने किया। शुभारंभ करते हुए नपाध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक से छत्तीसगढ़ की अलग से पहचान बनी है आज से ओलम्पिक का शुभारंभ हुआ है जो 22 जुलाई तक चलेगा। इसके पश्चात् यहां से विजेता प्रतिभागी जोन स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर व राज्य स्तर में खेलने का मौका मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने सभी विजेता प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी व अधिक से अधिक संख्या प्रतियोगिता में भाग लेने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमर संस्कृति, हमर परंपरा जिसे लोग भुलने गये थे जिसे जीवित व इस पारंपरिक खेल को आगे बढ़ाये जाने के करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ पूरे छत्तीसगढ़ में किया गया है।

लोक पर्व हरेली पर जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ऑलंपिक का शुभारंभ

■ **मंत्री अकबर ने ग्राम खंडसरा के गौठान में किया छत्तीसगढ़िया ऑलंपिक की शुरुआत**

कवर्धा/नवप्रदेश। लोक पर्व हरेली के अवसर पर जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ बोड़ला विकासखंड के ग्राम खंडसरा में हुआ। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत की। गौठान पहुंचने पर मंत्री अकबर का स्व सहायता समूह की महिलाओं ने स्वागत किया। मंत्री श्री अकबर ने हरेली पर्व पर गौठान में कृषि यंत्रों एवं गेड़ी का पूजा अर्चना कर बधाई एवम् शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री श्री अकबर ने रस्साकसी महिला पुरुष और गेड़ी दौड़ में प्रथम आने वाले विजेताओं को 25-25 हजार रूपए देने की घोषणा की। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति पहचान और परंपरा को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ ओलंपिक की शुरुआत की गई है। इस दौरान कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव, वनमण्डलाधिकारी चूड़ामणि सिंह, जनप्रतिनिधि सहित ग्रामवासी और युवा उपस्थित थे।

हरेली पर्व पर नजर आया बच्चों में उत्साह

■ **गेड़ी और चिला का उठाया आनंद**

नवागढ़/नवप्रदेश। सोमवार को नवागढ़ नगर सहित आसपास के गांवों में प्रदेश का पारंपरिक त्यौहार हरेली मनाया गया। हरेली तिहार के दिन कुलदेवता की पूजा की जाती है। हरेली पर किसानो ने नागर, गैंती, कुदाली, फावड़ा समेत कृषि औजारों की साफ-सफाई कर उसे घर के आंगन में रखकर पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर सभी घरों में गुड़ का चीला बनाया गया । हरेली के दिन ज्यादातर लोग कुल देवता, ग्राम देवता एवं गाय व बैल की पूजा किये। हरियाली त्यौहार को लेकर बच्चों एवं किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला।

त्यौहार के चलते नगर की सड़के वीरान नजर आई। त्योहार पर नगर के अधिकांश व्यापारी वर्ग ने एक दिन छुट्टी मनाई। परिवार के साथ पिकनिक स्पॉट या मूवी देखकर त्योहार का आनंद उठाया। नगर सहित आसपास के ग्राम अँधियारखोर, मुरता, गाड़ामोर, प्रतापपुर, छिरहा, दाढ़ी, मारो, नांदघाट, नारायणपुर, खण्डसरा सहित पूरे क्षेत्र में हरेली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया।

उल्लेखनीय है कि यह त्योहार मुख्य रूप से किसानों से जुड़ा हुआ है। इसमें किसान खेती में उपयोग होने वाले हल, बैल की तरह औजार जो खेती बड़ी में काम आते हैं, सभी की पूजा करते हैं। यह छत्तीसगढ़ का त्योहार है, जिसे किसान परिवार बड़ी धूमधाम से मनाते हैं।

सावन के दूसरे सोमवार पर भक्तों ने किया जलाभिषेक

नवागढ़ क्षेत्र में सावन के दूसरे सोमावर को शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, फूल, धतूर आदि चढ़ाने के लिए मंदिरों के बाहर भव?तों की भीड़ लगी रही। सनातन धर्म को मानने वालों की यह आस्था है कि सावन महीने में भगवान शंकर की पूजा-अर्चना करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। वैसे तो सावन महीने के हर दिन शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ होती है, लेकिन सोमवार को भक्तों की कतार देखते ही बनती है।